• जयपुर, गुरुवार 11 जून 26 • वर्ष 15 • अंक 223 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

# पीएम मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने

## जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड टूटा

नई दिल्ली/एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रमुख के तौर पर 12 साल पूरे कर लिए हैं। पीएम मोदी ने चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर 4,399 दिनों तक पद पर रहने का पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया।इस तुलना के लिए नेहरू के 1952 से शुरू हुए कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि देश के पहले आम चुनाव होने से पहले, 1947 से 1952 के बीच वे अंतरिम सरकार के प्रमुख थे।

हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 14 साल से ज्यादा समय तक पद पर रहीं, लेकिन उनका कार्यकाल लगातार नहीं था। इस वजह से पीएम मोदी देश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने 2014 में पहली बार शपथ लेने से लेकर 2019 में लगातार दूस-री बार और 2024 में ऐतिहासिक रूप से लगातार तीसरी बार जनादेश हासिल करने तक सेवा की है।



पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के दौर में कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और राष्ट्र-निर्माण प्रोजेक्ट्स भी शुरू किए गए हैं, जिनमें नया संसद भवन, सेंट्रल विस्टा का रीडेवलपमेंट, कर्तव्य पथ, वंदे भारत ट्रेनें, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, आईएनएस विक्रांत, कश्मीर रेल लिंक, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नमो भारत आरआरटीएस और गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं।

इसी बीच, नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) बुधवार को राजधानी में एक अहम बैठक करेगा। यह बैठक केंद्र में एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बनने का जश्न मनाने के लिए आयोजित की जाएगी।

भारत मंडपम में होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के शीर्ष नेताओं, एनडीए-शासित सभी 22 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ गठबंधन की सहयोगी पार्टियों के नेताओं के भी शामिल होने की उम्मीद है।

सूत्रों के मुताबिक, इस दौरान एनडीए एक प्रस्ताव पास कर सकता है जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोडने् की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी जाएगी।

इस कार्यक्रम में राजनाथ सिंह, अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और शिवराज सिंह चौहान समेत केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री और एनडीए के अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे।

यह बैठक एनडीए सरकार के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है और उम्मीद है कि इसमें गठबंधन की उपलब्धियों, भविष्य की नीतिगत प्राथमिकताओं और राजनीतिक रोडमैप पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मुख्य चर्चाएं शासन से जुड़ी पहलों, विकास कार्यक्रमों और आगामी चुनावी चुनौतियों की तैयारियों के इर्द-गिर्द होने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धि पर केंद्रीय कैबिनेट ने उनका खड़े होकर सम्मान किया, प्रस्ताव पारित

**नईदिल्ली/एजेंसी।** नरेंद्र मोदी ने सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देकर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उपलब्धि हासिल की है। इस मौके पर केंद्रीय कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पास किया है। कैबिनेट ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री मोदी को लगातार 2 कार्यकाल तक सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने के लिए बधाई दी। इस दौरान, कैबिनेट के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में खड़े होकर तालियां भी बजाईं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी की इस उपलब्धि पर बधाई दी और इसे उनके नेतृत्व के प्रति लोगों के अटूट विश्वास का प्रतिबिंब बताया। प्रधानमंत्री को पत्र में राष्ट्रपति ने लिखा, यह उपलब्धि केवल सार्वजनिक पद पर सबसे लंबे समय तक रहने का मामला नहीं है, यह उस विश्वास की पुष्टि है जो भारत की जनता ने लगातार चुनावों में आपके नेतृत्व पर जताया है। उन्होंने उनके कार्यकाल की उपलब्धियों का भी जिक्र किया।

## मोदी के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर वैश्विक नेताओं ने ऐसे दी बधाई

**नईदिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड बनाया है, जिसकी प्रशंसा करते हुए वैश्विक नेता बधाई दे रहे हैं। श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और पापुआ न्यू गिनी की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को संदेश भेजा गया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायका ने मोदी को लिखे एक पत्र में इस उपलब्धि को उनके कार्यकाल और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता के विश्वास का प्रमाण बताया है।

प्रशांत क्षेत्र से, पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने एक व्यक्तिगत वीडियो संदेश भेजकर मोदी को बधाई दी है। उन्होंने वीडियो में मोदी को एक आदर्श और नेतृत्व का उदाहरण बताया और 2 करोड़ से अधिक भारतीयों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मई, 2023 में पापुआ न्यू गिनी में एफआईपीआईसी-3 शिखर सम्मेलन के लिए मोदी की यात्रा का भी जिक्र किया, जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी।

**न्यूज़ अपडेट**

## पेट्रोल-सिलिंडर के बाद अब फ्लाइट टिकट भी होगी महंगी, जेट फ्यूल हुआ महंगा

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सरकार की नई प्राइस स्टेबलाइजेशन स्कीम के तहत घरेलू एयरलाइंस अब एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ꣳस्त्र) की कीमतें तीन साल तक के लिए तय कर सकेंगी। इसी बीच सरकारी फ्यूल रिटेलर्स ने जेट फ्यूल की कीमतों में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। नई व्यवस्था के अनुसार, इस स्वैच्छिक योजना को अपनाने वाली एयरलाइंस को एटीएफ के लिए 115 रुपये प्रति लीटर की निश्चित कीमत चुकानी होगी। इससे पहले यह कीमत 104.927 रुपये प्रति लीटर थी।

जो एयरलाइंस इस योजना में शामिल नहीं होंगी, वे बाजार आधारित दरों पर ही ईंधन खरीदती रहेंगी। वर्तमान में यह दर लगभग 142 रुपये प्रति लीटर है, जो अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस द्वारा चुकाई जाने वाली कीमतों के बराबर है। सूत्रों के अनुसार, यह योजना पूरी तरह वैकल्पिक है और एयरलाइंस स्वयं तय करेंगी कि उन्हें इसमें शामिल होना है या नहीं। योजना का लाभ लेने वाली एयरलाइंस लॉक-इन अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रहेंगी।

## केंद्र ने 30 जून से प्लास्टिक नोट के दावे को नकारा, कहा- कागजी नोट नहीं बदलेंगे

**नईदिल्ली/एजेंसी।** सोशल मीडिया पर दावा हो रहा है कि केंद्र सरकार 30 जून से कागजी नोट हटा देगी और उसकी जगह प्लास्टिक के नोट जारी किए जाएंगे। इसको लेकर सरकार ने अपना जवाब दिया है और ऐसे दावों को पूरी तरह झूठ बताया है। प्रेस सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हवाले से बताया कि 30 जून, 2026 तक कागजी मुद्रा नोटों को वापस लेने या उन्हें प्लास्टिक मुद्रा नोटों से बदलने की कोई योजना नहीं है। पीआईबी की फैक्ट चेक टीम ने बताया कि सोशल मीडिया पर कई पोस्ट्स में यह झूठा दावा किया जा रहा है कि 30 जून से आरबीआई कागजी मुद्रा नोटों को वापस लेकर उनकी जगह प्लास्टिक मुद्रा नोट जारी करेगा, यह दावा फर्जी है।

## ट्रक और यात्री बस की आमने-सामने टक्कर, चार लोगों की मौत; 10 घायल

**बहराइच/एजेंसी।** बहराइच जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दस अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक तेज रफ्तार ट्रक और यात्री बस की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में लखनऊ से रुपईडीहा जा रही सवारियों से भरी रोडवेज बस को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। शुरुआती जानकारी के अनुसार, बस में सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें हरदी पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती करवाया, जहां 3 यात्रियों की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

## उरी सेक्टर के आर्मी कैंप में ग्रेनेड ब्लास्ट, दो जवान शहीद; पुंछ जिले में पाकिस्तानी किशोर भी पकड़ा

**उरी/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में एक दर्दनाक हादसे में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। सेना अधिकारियों के अनुसार, कमलकोट स्थित सैन्य शिविर में रूटीन इक्विपमेंट हैंडओवर के दौरान एक हैंड ग्रेनेड अचानक फट गया, जिससे दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सेना के 92 बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेना ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और ग्रेनेड विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में इस घटना को दुर्घटनावश हुआ विस्फोट माना जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। श्रीनगर स्थित रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से पूरी जानकारी मिलने के बाद ही औपचारिक टिप्पणी की जाएगी।

इसी बीच, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय सीमा में दाखिल हुए एक 14 वर्षीय पाकिस्तानी किशोर को सेना ने हिरासत में लिया है।

## हवा में उड़ान भरते ही एयर इंडिया की फ्लाइट से टकराया पक्षी, बाल-बाल बची 124 यात्रियों की जान

**राजकोट/एजेंसी।** राजकोट के हीरासर (राजकोट इंटरनेशनल) एयरपोर्ट पर आज एक बड़ा विमान हादसा होते-होते टल गया। राजकोट से देश की राजधानी दिल्ली जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट के टेक-ऑफ करते ही एक पक्षी जोरदार तरीके से उससे टकरा गया। इस अप्रत्याशित घटना से हवा में ही अनहोनी की आशंका बन गई थी, लेकिन पायलट ने गजब की सूझबूझ और फुर्ती दिखाते हुए तुरंत एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करा दी। इस फ्लाइट में कुल 124 यात्री सवार थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिए जाने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन और यात्रियों ने राहत की गहरी सांस ली।

मिली जानकारी के मुताबिक, रनवे से उड़ान भरते ही जब पक्षी विमान से टकराया, तो इंजन का प्रोपेलर (ब्लेड) बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इंजन में आई इस अचानक तकनीकी खराबी और संभावित बड़े खतरे को भांपते हुए, पायलट ने बिना कोई देरी किए तुरंत ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क साधा। एटीसी को स्थिति से अवगत कराने के बाद, पायलट ने फ्लाइट को वापस रनवे की तरफ मोड़ा और सफलतापूर्वक लैंड कराया, जिससे एक बड़ी त्रासदी होने से बच गई।

## प्रधानमंत्री मोदी 13-18 जून तक फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन लेंगे हिस्सा, स्लोवाकिया भी जाएंगे

**नईदिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर 13-14 जून (नीस) और 16-19 जून (एवियन और पेरिस) तक फ्रांस की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इसके साथ ही वह 14-16 जून तक स्लोवाकिया का भी दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 14 जून को नीस में राष्ट्रपति मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। दोनों नेता भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे, जिन्हें इस वर्ष की शुरुआत में उन्नत किया गया था।


नीस में दोनों नेता संयुक्त रूप से भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे, जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के शीर्ष नवाचार स्टार्टअप और उद्यमी एक साथ आएंगे। भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के दौरान आयोजित होने वाला यह विशेष कार्यक्रम दोनों देशों के बीच मौजूद जीवंत नवाचार साझेदारी को और मजबूत करता है। दोनों नेताओं द्वारा भारत-फ्रांस विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा किए जाने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, स्लोवाकिया गणराज्य के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर स्लोवाकिया की यात्रा करेंगे। 1993 में स्लोवाकिया की स्वतंत्रता के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री फिको से बातचीत करेंगे और सहयोग के रास्ते तलाशेंगे। इसी तरह राष्ट्रपति पेलेग्रिनी से भी मुलाकात करेंगे।

# 130 फीट की ऊंचाई और 100 करोड़ का बजट ...काशी में बनने जा रहा है दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग

वाराणसी/एजेंसी।

धर्म और अध्यात्म की पवित्र नगरी काशी जल्द ही एक और नया विश्व कीर्तिमान अपने नाम करने जा रही है। वाराणसी में दुनिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग स्थापित होने जा रहा है। भेलूपुर स्थित जलकल विभाग के 20 एकड़ के विशाल कैंपस में 100 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से एक विश्वस्तरीय 'शिव थीम अर्बन पार्क' का निर्माण किया जाएगा। शासन की तरफ से इस महात्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिल चुकी है और उम्मीद जताई जा रही है कि महज 8 से 9 महीनों के भीतर यह भव्य पार्क दुनिया के सबसे ऊंचे शिवलिंग के साथ बनकर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा।



### ● प्लेनेटेरियम से लेकर आर्ट गैलरी तक, एक ही जगह मिलेंगी ढेरों सुविधाएं

यह अर्बन पार्क सिर्फ आस्था और आध्यात्म का केंद्र नहीं होगा, बल्कि ज्ञान, विज्ञान और आधुनिक सुविधाओं का भी बेहतरीन संगम होगा। युवाओं और बच्चों को ब्रह्मांडीय विज्ञान और खगोलशास्त्र से जोडने् के लिए यहां एक अत्याधुनिक प्लैनेटोरियम (तारामंडल) भी बनाया जाएगा। इसके अलावा, बच्चों के खेलने के लिए हाईटेक झूले, स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए बड़ा फूड प्लाजा, बुजुर्गों के लिए एक शांत लाइब्रेरी और ओपन आर्ट गैलरी की सुविधा भी मौजूद रहेगी। इस आर्ट गैलरी की सबसे खास बात यह होगी कि इसमें काशी की उन महान विभूतियों की उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा जिन्हें पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। पर्यटकों की सुविधा के लिए एक विशाल पार्किंग स्थल का भी निर्माण किया जाएगा।

### ● 130 फीट होगी शिवलिंग की ऊंचाई, लेजर शो से दिखेगा अद्भुत नजारा

वाराणसी नगर निगम के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने इस प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस पार्क में 130 फीट ऊंचा शिवलिंग स्थापित किया जाएगा, जो पूरे विश्व में सबसे ऊंचा होगा। हालांकि, इसकी ऊंचाई और बढ़ाने को लेकर अभी भी शोध किया जा रहा है। इस विशाल शिवलिंग के चारों ओर घूमने के लिए एक शानदार वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा और रात के समय शिवलिंग पर होने वाला खास लेजर शो पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। आपको बता दें कि वर्तमान में केरल के चेंगल स्थित 111 फीट का महालिंगम दुनिया का सबसे ऊंचा मानव निर्मित शिवलिंग माना जाता है, लेकिन काशी का यह शिवलिंग ऊंचाई के मामले में उन सभी रिकॉर्ड्स को काफी पीछे छोड़ देगा।

# भारत ने पहली बार तैनात किए रेडी टू फायर 12 परमाणु हथियार

नई दिल्ली/एजेंसी।

वैश्विक सुरक्षा और सामरिक संतुलन के बीच भारत की परमाणु रणनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण खुलासा सामने आया है। हथियारों और सैन्य क्षमताओं पर नजर रखने वाली प्रतिष्ठित संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने पहली बार 12 परमाणु वॉरहेड को परिचालन (ऑपरेशनल) स्थिति में तैनात किया है।



रिपोर्ट के अनुसार, अब तक भारत परमाणु वॉरहेड और उन्हें लक्ष्य तक पहुंचाने वाले मिसाइल या अन्य प्लेटफॉर्म को अलग-अलग स्थानों पर रखता रहा है। हालांकि हालिया घटनाक्रम संकेत देते हैं कि भारत ने अपनी दशकों पुरानी व्यवस्था में बदलाव करते हुए कुछ परमाणु हथियारों को सीधे डिलीवरी सिस्टम से जोड़ दिया है या उन्हें ऐसे सैन्य ठिकानों पर तैनात किया है जहां से जरूरत पडने् पर तत्काल इस्तेमाल किया जा सके।

बढ़ी रणनीतिक तैयारी के संकेत

भूमिगत मिसाइल साइलो, कैनिस्टर-आधारित मिसाइल प्रणालियों और परमाणु क्षमता से लैस बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों में हथियारों की तैनाती भारत की बढ़ती रणनीतिक तैयारी को दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अब समुद्र में निरंतर प्रतिरोधक गश्त की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2026 तक भारत के पास लगभग 190 परमाणु हथियार होने का अनुमान है। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी अधिक बताई गई है।

संपादकीय

# किस्सा कुर्सी का - नया बंगाल, नई टीम

पश्चिम बंगाल की राजनीति ने आज एक नए युग में औपचारिक रूप से कदम रख दिया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अगुवाई में नई भाजपा सरकार में मंत्रालयों के बँटवारे के साथ ही यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि सत्ता के शीर्ष पर कौन, किस भूमिका में नज़र आएगा। 'कौन किस कुर्सी पर बैठेगा' के इस फ़ैसले ने न केवल मंत्रियों के नाम तय किए हैं, बल्कि यह भी साफ़ कर दिया है कि नई सरकार की प्राथमिकताएँ क्या हैं और वह बंगाल को किस दिशा में ले जाना चाहती है। मुख्यमंत्री की यह 'ब्रांड न्यू' टीम पहली नज़र में बेहद रणनीतिक और मज़बूत दिखाई देती है, जहाँ क्षेत्रीय संतुलन और प्रशासनिक अनुभव का एक सोचा-समझा तालमेल किया गया है। एक लंबे और तीखे चुनावी संघर्ष के बाद सत्ता में आई इस नई टीम के सामने चुनौतियाँ कम नहीं हैं। बंगाल जैसी विशिष्ट राजनीतिक और सामाजिक संरचना वाले राज्य को संभालने के लिए सिर्फ़ राजनीतिक उत्साह काफ़ी नहीं होता, बल्कि एक ठोस प्रशासनिक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। आज जिन मंत्रियों को महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए हैं, उनके कंधों पर न केवल अपने मंत्रालयों को चलाने की ज़िम्मेदारी है, बल्कि जनता के उस भारी विश्वास को बनाए रखने का भी दारोमदार है, जिसके दम पर यह परिवर्तन संभव हुआ है। मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी के सामने सबसे बड़ी परीक्षा अपनी इस नई टीम से त्वरित परिणाम निकलवाने की होगी। गृह, वित्त, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख मंत्रालयों के ज़रिए ही सरकार की नीति, नीयत और कार्यशैली का लिटमस टेस्ट होगा। एक कद्दावर विपक्ष की मौजूदगी के बीच, इस नई कैबिनेट के लिए सबसे बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, औद्योगिक विकास को गति देना और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर पैदा करना होगी। मंत्रालयों का यह आवंटन यह भी दर्शाता है कि केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री ने मिलकर अनुभवी चेहरों और नए जोश के बीच एक महीन संतुलन बनाने का प्रयास किया है, ताकि सरकार में स्थिरता भी रहे और काम में तेज़ी भी दिखे। कुर्सियाँ तय हो चुकी हैं और मंत्रियों के नाम भी सामने आ चुके हैं। अब वक्त राजनीति के मैदान से निकलकर सचिवालय की फाइलों और ज़मीनी हकीकत से रूबरू होने का है। बंगाल की सजग जनता की नज़रें अब इस बात पर टिकी हैं कि नई सरकार के ये सिपहसालार अपनी इस नई भूमिका में राज्य को विकास के किस पायदान पर ले जाते हैं।

# कॉकरोच का समर्थन विपक्ष का विरोध नहीं

**कुछ लोग विपक्ष को व्यक्ति वाचक संज्ञा मानते हैं। कुछ लोग दलवाचक संज्ञा मानते हैं तो कुछ लोग गठबंधन वाचक। वे लोग महीने भर पहले गैस के रूप में आई हुई कॉकरोच जनता पार्टी के द्रव में परिवर्तित होने से भयभीत हैं कि कहीं उनका संज्ञापद छिन न जाए। इस भयातुर समूहों में वह कांग्रेस पार्टी भी भयभीत है जो 140 साल पुराना है और जिसका अगर पचास पचपन साल के शासन का इतिहास रहा है तो कम से कम सत्तर साल आंदोलन का इतिहास रहा है। वे इस बात से एकदम खुश नहीं हैं कि कॉकरोच जनता पार्टी नामक नवोदित प्रहसन केंद्रित संगठन से सत्तापक्ष भी आशंकित है। इसकी वजह यह है कि विपक्ष ने हार को अपनी नियति मान लिया है।**

**अरुण कुमार त्रिपाठी**

विपक्ष और विशेषकर कांग्रेस पार्टी के तमाम समर्थक बौद्धिक कॉकरोच जनता पार्टी पर सत्तापक्ष से अधिक घातक हिट लेकर टूट पड़े हैं। बिना इस बात का ज्ञान रखे कि उनके हिट का आजकल किसी पर कोई असर नहीं होता वे समझते हैं कि वे इस हिट से 1975 के जेपी आंदोलन और 1967 के लोहिया आंदोलन का भी नामोनिशान मिटा डालेंगे। ऐसे लोगों से कुछ प्रतिवेदन किया जाना अपना फर्ज बनता है, मानना न मानना उनके अपने डर और बौद्धिक अहंकार पर निर्भर करता है।

अगर हम विपक्ष को संज्ञा के बजाय एक क्रिया मानें और उसे विरोध शब्द से संबोधित करें तो शायद कॉकरोच जनता पार्टी या देश के युवाओं में इस व्यवस्था और उसकी कार्यप्रणाली को लेकर पैदा हुए विरोध को समझ कर उस पर एक सकारात्मक प्रतिक्रिया दे सकेंगे? लोकतंत्र में विरोध या विपक्ष एक मानक और सम्मानित क्रिया है। उसके बिना लोकतंत्र के पहिए रुक जाते हैं उसमें जंग लग जाता है उस तालाब का पानी सड़ने लगता है जिसमें लोकतांत्रिक मूल्यों के कमल खिलने की उम्मीद रहती है। (यहां कमल का मतलब किसी दल विशेष के चुनाव चिह्न से नहीं है। जो अब प्लास्टिक का हो चुका है।) अच्छी बात है कि 6 जून को जंतर-मंतर पर प्रस्तावित कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन में बड़े पैमाने पर युवा ही नहीं बुजुर्ग भी आए और सीपीआई की एनी राजा, सीपीआईएमएल के दीपंकर भट्टाचार्य और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र संघ के पदाधिकारी और तमाम वामपंथी लोग भी पहुंचे। उनके पहुंचने का असर यह हुआ कि चंद दिनों पहले गांधीवादी बने कुछ मार्क्सवादी बौद्धिक इस आंदोलन को सीधे-सीधे दक्षिणपंथी आंदोलन साबित नहीं कर पाए। हालांकि उनका पूरा प्रयास इसी का था। कॉकरोच जनता पार्टी को संज्ञा के बजाय क्रिया कहना इसलिए उचित है क्योंकि वह इस देश में सरकार के हिंदू मुस्लिम और सवर्ण अवर्ण के विभाजन में आकर भटक चुके युवाओं को व्यवस्था का असली चेहरा दिखाने की एक क्रिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश की एक व्यंगात्मक टिप्पणी को अपनी नियति या नाम बना चुका युवाओं का यह समूह कोई क्रांति कर देगा या कोई पार्टी बनाकर चुनावों में पारंपरिक विपक्ष का स्थान




ले लेगा या सत्तारूढ़ दल का तख्तापलट कर देगा, भारत में ऐसी संभावना दूर दूर तक दिखती नहीं। धर्मनिरपेक्ष और कांग्रेस की सत्ता कायम करने में लगे बौद्धिकों की यह आशंका सही हो सकती है कि यह लोग भी भारत बनाम भ्रष्टाचार की तरह से आम आदमी पार्टी के रूप में प्रकट होंगे और देश में फासीवादी ताकतों को और मजबूत करेंगे, लेकिन अभी तक इस प्रयास और इस बात के कोई प्रमाण नहीं मिल रहे हैं। वह अभी तक युवाओं का स्वतःस्फूर्त आंदोलन जैसा ही दिख रहा है और 2010-11 में यूपीए सरकार ने भारत बनाम भ्रष्टाचार के नेताओं की जितनी मिजाजपुर्शी की थी अभी की सरकार उससे बहुत कम कर रही है। कांग्रेस पार्टी अगर अभी भी इस गलतफहमी में है कि वह सत्ता में है और यह आंदोलन उसके विरुद्ध चल रहा है तो यह उसकी बुद्धि की बलिहारी है। कांग्रेस पार्टी शिक्षा जगत और विशेषकर नीट, सीबीएसई में व्याप्त भयंकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध पूरे देश में आंदोलन कर रही है और उसे इसका श्रेय दिया जाना चाहिए। उसके नेता राहुल गांधी मौजूदा सरकार और उसके नेतृत्व के सामने सीना तानकर खड़े हैं इस बात में किसी को कोई संदेह नहीं है। इसीलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं और उन्हें देश का हर समझदार और लोकतांत्रिक व्यक्ति अपना नैतिक और भौतिक समर्थन देने को तैयार है।

लेकिन इस सरकार ने पारंपरिक विपक्ष के दमन और उसे नष्ट करने का जो अभियान छेड़ रखा है, वह एक हद तक इंदिरा गांधी की सरकार ने किया था लेकिन इतने बड़े पैमाने पर कभी नहीं हुआ। आपातकाल को अगर छोड़ दिया जाए तो इंदिरा गांधी के कार्यकाल में विपक्ष के एकजुट होने और प्रतिरोध करने का लोकवृत्त काफी खुला हुआ था। आज अगर हम हाल में मृत्यु को प्राप्त हुए जर्मन दार्शनिक जुगरेन हैबरमास के शब्दों में भारत के विपक्षी लोकवृत्त की बात करें तो कहा जा सकता है कि बिना आपातकाल के ही वह आपातकालीन प्रतिबंधों का शिकार है। इसी स्थिति को देखते हुए हाल में इलाहाबाद हाई कोर्ट की एक टिप्पणी गौरतलब है। एक सदस्यीय बेंच के न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने कहा है कि अफसर सरकार और अपने राजनीतिक आकाओं के प्रति अधिक वफादार हैं न कि संविधान के प्रति। गाजियाबाद के एक परिवार द्वारा लेन देन में कुछ धांधली हुई तो प्रशासन ने पूरे परिवार पर गैंगेस्टर कानून लगा दिया। जबकि संगठित रूप से अपराध करने का कोई प्रमाण अफसरों के पास नहीं था। हाई कोर्ट ने गैंगस्टर कानून हटा दिया है।

इस सिलसिले में हमें अभिजीत दीपके के इस बयान को देखना चाहिए कि मेरी मां उस समय ज्यादा दुखी नहीं थीं जब मैं अमेरिका जा रहा था लेकिन जब मैं लौटने लगा तो वे ज्यादा दुखी और असुरक्षित महसूस कर रही थीं। उन्होंने जंतर मंतर पर दिए संबोधन में न सिर्फ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा बल्कि हिंदू मुस्लिम विभाजन का विरोध किया और युवाओं में बनी हुई दहशत को तोड़ने का प्रयास किया। बहुत संभव है कि हार्दिक पटेल की तरह ही अभिजीत दीपके की स्थिति हो और सरकारी दमन के बाद वे अपने प्रतिरोध कार्यक्रम को वापस भी ले लेकिन अगर इससे देश के युवाओं में सत्तर और अस्सी के दशक की प्रतिरोध की चेतना किसी हद तक वापस लौटती है तो उसे एक उपलब्धि मानना होगा। यह आशंका जितनी प्रबल है कि इस आंदोलन का लाभ सत्तापक्ष बखूबी उठा लेगा, उतनी ही यह संभावना भी है कि इससे विपक्ष अपनी ताकत बढ़ाएगा। क्योंकि एक ओर यह आंदोलन उन्हीं बातों को रख रहा है जिन्हें विपक्षी नेता रखते रहे हैं। जैसे कि संविधान सम्मत शासन, शासन करने वालों की जवाबदेही और हिंदू मुस्लिम एजेंडे की समाप्ति और बेरोजगारी मिटाना, शिक्षा व्यवस्था को सुधारना, ग्रामीण शिक्षा में गुणवत्ता लाना और न्यायपालिका जैसी लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा बहाल करना। साथ ही वे आंबेडकर के सपनों का लोकतंत्र कायम करने की बात कर रहे हैं जो कि इस दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह इस दौर की विडंबना है जो जो आंबेडकर आजाद भारत में आंदोलन न करने का सुझाव देते थे उन्हीं के अनुयायी गांधी के रास्ते पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। यह हमारे इतिहास के दो महापुरुषों के समन्वय का सर्वश्रेष्ठ अवसर भी है। भले ही युवा भारत के मुख्य न्यायाधीश का इस्तीफा नहीं मांग रहे हैं लेकिन अहंकार में दिए गए एक बयान के कारण उनका भारत से लंदन तक जो माखौल उड़ रहा है और विरोध हो रहा, उसे उन्हें समझना चाहिए। दूसरी ओर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस सरकार में बैठे लोगों में भयंकर किस्म का अहंकार और अपने को सही बताने की प्रवृत्ति है। आप केंद्रीय संसदीय मंत्री किरण रिजिजू का बयान देख लीजिए कि यूपीए की तरह इस मामले में कोई मंत्री शामिल नहीं है, यह तो गड़बड़ी स्वायत्त संस्थाओं ने की है। उधर भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि युवा सकारात्मक दिशा में राष्ट्र निर्माण करना चाहते हैं जबकि यह आंदोलन व्यवस्था विरोध का पाठ पढ़ा रहा है। ऐसे में तय है कि यह टकराव एक हद तक आगे बढ़ेगा।

जो लोग युवाओं के इस आक्रोश की विफलता की पहले से ही भविष्यवाणी कर रहे हैं वे इतिहास में नियतिवाद के शिकार हैं। वे हर चीज को यह मान कर चलते हैं कि सारी चीजें पहले से तय हैं। या तो उन्हें बड़ी ताकतें संचालित कर रही हैं या फिर कोई ऐसा नियम है जिससे सब चीजें संचालित हो रही हैं। वे मनुष्य की भूमिका को एकदम नकार कर चल रहे हैं। उन्हें इतिहासकार लाल बहादुर वर्मा की पुस्तक 'अधूरी क्रांतियों का इतिहास बोध' देखना चाहिए जिसमें उन्होंने कहा है कि क्रांतियों का अधूरा रह जाना इतिहास सिद्ध है, पर उनका अमर रहना भी उतना ही....। वे लिखते हैं, 'संक्रमण के इस दौर में इतिहास बोध और प्रयोगधर्मिता का विस्तार हो रहा है, कोई एक मंजिल, कोई एक राह, कोई एक क्रांति ही चरितार्थ होती न दिखे–कई मंजिलें, कई राहें, कई क्रांतियां अंगड़ाई लेती दिख रही हैं, विकल्प अनिश्चित लगे तो क्या हुआ? समवेत प्रयास न हो रहे हों तो क्या हुआ? हालात ही कुछ ऐसे हैं कि कोई चैन से बैठ नहीं सकता।'

अध्यात्म

## धन सफलता प्रेम

एक दिन एक औरत अपने घर के बाहर आई और उसने तीन संतों को अपने घर के सामने देखा। वह उन्हें जानती नहीं थी। औरत ने कहा - 'कृपया भीतर आइये और भोजन ...करिये। ' संत बोले - 'क्या तुम्हारे पति घर पर हैं? ' औरत ने कहा - 'नहीं, वे अभी बाहर गए हैं। '

संत बोले - 'हम तभी भीतर आयेंगे जब वह घर पर हों। '

शाम को उस औरत का पति घर आया और औरत ने उसे यह सब बताया।

औरत के पति ने कहा - 'जाओ और उनसे कहो कि मैं घर आ गया हूँ और उनको आदर सहित बुलाओ। '

औरत बाहर गई और उनको भीतर आने के लिए कहा।

संत बोले - 'हम सब किसी भी घर में एक साथ नहीं जाते। '

'पर क्यों?' - औरत ने पूछा।

उनमें से एक संत ने कहा - 'मेरा नाम धन है' - फिर दूसरे संतों की ओर इशारा कर के कहा - 'इन दोनों के नाम सफलता और प्रेम हैं। हममें से कोई एक ही भीतर आ सकता है। आप घर के अन्य सदस्यों से मिलकर तय कर लें कि भीतर किसे निमंत्रित करना है। '

औरत ने भीतर जाकर अपने पति को यह सब बताया। उसका पति बहुत प्रसन्न हो गया और बोला - 'यदि ऐसा है तो हमें धन को आमंत्रित करना चाहिए। हमारा घर खुशियों से भर जाएगा। '

लेकिन उसकी पत्नी ने कहा - 'मुझे लगता है कि हमें सफलता को आमंत्रित करना चाहिए। '

उनकी बेटी दूसरे कमरे से यह सब सुन रही थी। वह उनके पास आई और बोली - 'मुझे लगता है कि हमें प्रेम को आमंत्रित करना चाहिए। प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। '

'तुम ठीक कहती हो, हमें प्रेम को ही बुलाना चाहिए' - उसके माता-पिता ने कहा।

औरत घर के बाहर गई और उसने संतों से पूछा - 'आप में से जिनका नाम प्रेम है वे कृपया घर में प्रवेश कर भोजन ग्रहण करें। ' प्रेम घर की ओर बढ़ चले। बाकी के दो संत भी उनके पीछे चलने लगे। औरत ने आश्चर्य से उन दोनों से पूछा - 'मैंने तो सिर्फ़ प्रेम को आमंत्रित किया था। आप लोग भीतर क्यों जा रहे हैं? ' उनमें से एक ने कहा - 'यदि आपने धन और सफलता में से किसी एक को आमंत्रित किया होता तो केवल वही भीतर जाता। आपने प्रेम को आमंत्रित किया है। प्रेम कभी अकेला नहीं जाता। प्रेम जहाँ-जहाँ जाता है, धन और सफलता उसके पीछे जाते हैं।

# तेजी से बदल रहा है बंगाल

**पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी सरकार द्वारा सत्ता संभालने के अल्पकाल में ही स्पष्ट बदलाव दिख रहा है। ऐसा लगता है कि केवल ममता सरकार की विचारधारा और दिशा के बिल्कुल उलट शुभेंदु सरकार ने यू टर्न ही नहीं किया बल्कि सारे कील कांटों को उखाड़ते, ध्वस्त करते तीव्र गति से शासन की गाड़ी वहां पहुंच रही है जहां से बंगाल शांत और स्थिर हो सामान्य राज्य के रूप में गतिविधियों का निर्धारण करे। शुभेंदु सरकार ने कुछ फैसले किए तथा कुछ प्रभाव में ही परिवर्तन आ गया। इनमें केवल केंद्रीय योजनाओं को लागू करना ही नहीं है। आप चाहे भाजपा के जितने आलोचक हों क्या किसी ने कल्पना की थी कि सरकार आने के हफ्ते भर के अंदर ही राज्य से टीएमसी द्वारा लगाए अवैध टोल बूथ हट जाएंगे, बैरिकेड समाप्त हो जाएंगे, हफ्ते वसूली का धंधा खत्म हो जाएगा, यह हो गया।**

**अवधेश कुमार**

ममता ने स्वयं महिलाओं की सुरक्षा के प्रति चिंता प्रकट करते हुए रात में न निकलने का आग्रह किया था। सरकार बदलते ही बंगाल अपने स्वभाव, संस्कृति और चहल-पहल में वापस दिख रहा है। महिलाएं देर रात आती- जाती दिखाई दे सकती है। सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। कोलकाता समेत कई जिलों में रात की पुलिस पेट्रोलिंग काफी बढ़ा दी गई है। आम प्रतिक्रिया देख लीजिए सोशल मीडिया से लेकर मुख्य मीडिया में लोग लिख रहे हैं कि अब सरकार बदली है ऐसा महसूस हो रहा है। बकरीद के दिन वर्षों बाद सड़कों की बजाय मैदानों और मस्जिदों में नमाज पढ़े गये। किसी सरकार की दिशा का संकेत होता है और अगर वैचारिक और प्रशासनिक दिशा स्पष्ट हो, उनके प्रति प्रतिबद्धता और व्यवहार में प्रखरता हो तो उसका इकबाल कायम होता है। चुनाव परिणाम के तुरंत बाद ऐसा लग रहा था मानो बंगाल को संभालना कठिन होगा। कुछ ही दिनों में ऐसा लगने लगा मानो यह वो बंगाल है ही नहीं जिसे हम 4 मई के चुनाव परिणाम के पूर्व या उसके दो चार दिनों बाद तक देख रहे थे। कोलकाता से आसनसोल तक अवैध निर्माण के विरुद्ध बुलडोजर करवाई का आक्रामक हिंसक विरोध पूर्व सरकार की तस्वीर पेश कर रहा था। पत्थरबाजी भी हुई। उसके बाद क्या हुआ यह महत्वपूर्ण है। फुटेज से पत्थरबाजों और दंगाइयों के चेहरे पहचान कर कार्रवाई हो रही है तथा पुलिस ने लाउडस्पीकर में ऐलान कर दिया कि जिन लोगों ने हिंसा और तोड़फोड़ की है उनकी संपत्ति से इसकी वसूली की जाएगी। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने हिंसक प्रदर्शनकारियों और दंगाइयों के विरुद्ध यही नियम अपनाया और उसके परिणाम काफी हद तक आए। बंगाल में इसकी कल्पना ही नहीं थी जो सामने है।भाजपा ने चुनाव अभियान में कानून और व्यवस्था कायम करने, महिला सुरक्षा, अवैध घुसपैठ रोकने, घुसपैठियों को बाहर निकालने, सीमा सुरक्षा एवं अंतरिक्ष सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करने, तुष्टिकरण की समाप्ति एवं हिंदुओं के साथ हुए अन्याय का परिमार्जन, भ्रष्टाचार का अंत,प्रदेश को विकास एवं सांस्कृतिक गरिमा की पटरी पर वापस लाने आदि वायदे किए थे। मुख्यमंत्री का पदभार संभालते ही शुभेन्दु ने बांग्लादेश की सीमा पर घेराबंदी के लिए सीमा सुरक्षा बल को भूमि सौंपने का आदेश दिया जिसे 45 दिनों में पूरा हो जाना है। 450 किलोमीटर ऐसे क्षेत्र हैं जहां घेरा लगाना बाकी है उसकी जमीन मिली नहीं। मिनट में यह काम हो गया। इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला नेशनल हाईवे 10 और नेशनल हाईवे 110 के सात हिस्से केंद्र सरकार को सौंपना है। इनमें से पांच चिकन नेक या सिलीगुड़ी गलियारा से गुजरते हैं। चिकन नेक का 120 किलोमीटर इलाका पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को भारत के साथ जमीन से जोड़ता है। यह बांग्लादेश, नेपाल, भूटान तीन देशों से लगता है और चीन भी यहां से निकट है। चिकन नेक कट जाए तो पूर्वोत्तर से भारत का सीधा जमीनी संपर्क खत्म हो जाएगा। दिल्ली दंगों के आरोपी सरजिल इमाम को उच्चतम न्यायालय ने आज तक जमानत इसीलिए नहीं दी कि उसने मुसलमानों के द्वारा चिकन नेट काट कर भारत को खंडित करने की बात की थी। संयोग से उस पूरे क्षेत्र में भारत के अंदर बंगाल और बिहार दोनों और मुसलमानों की आबादी



राष्ट्रीय औसत से अधिक है तथा दूसरी और बांग्लादेश है। मुस्लिम आबादी को भड़का कर चिकन नेक काट कर शेष पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने का विचार बांग्लादेश के पूर्व शासक मोहम्मद यूनुस से लेकर वहां जेन जी आंदोलन तथा जमात ए इस्लामी के नेताओं के सामने आए। ममता सरकार ने केंद्र के आग्रह को स्वीकार नहीं किया और इस कारण वहां रक्षा और नागरिक दोनों प्रकार के आधारभूत संरचनाओं की कमी रही। अवैध घुसपैठ के साथ अनेक भारत विरोधी गतिविधियां,अवैध पशुओं एवं सामग्रियों की तस्करी आदि को पूरी तरह रोक पाना कठिन था। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा नेशनल हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड मिलकर इसका विकास करेगा। यानी आंतरिक और सीमा सुरक्षा और दूसरे रूप में कहें तो घुसपैठियों को रोकने के लिए सरकार ने पूर्ण प्रतिबद्धता दिखाई है। कट मनी और भ्रष्टाचार तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराध की व्यापक छानबीन और कार्रवाई के लिए दो उच्च स्तरीय अधिकार प्राप्त आयोगों का गठन किया जा चुका है। सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व सुपरिटेंडेंट संदीप घोष के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में ईडी को मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। ऐसे ही आदेश अन्य मामलों में दिए जा रहे हैं जिन्हें पूर्व सरकार ने रोक कर रखा था। आप जानते हैं कि संदेशखाली से लेकर आईजी कर और यहां तक कि मुर्शिदाबाद के दंगों में महिलाओं के साथ व्यवहार बंगाल में प्रमुख मुद्दा रहा है। कट मानी और भ्रष्टाचार का अनुभव ऐसा था मानो यह सरकारी प्रक्रिया का ही अंग हो। आप देख लीजिए वही पुलिस प्रशासन और माहौल कितना बदला है।अवैध कब्जों से मुक्ति बंगाल की ऐसी चुनौती है जिससे निपटना यानी इतिहास की धारा बदल देना होगा। एक पार्टी के लोगों का ही पूरे प्रदेश में कब्जा है। तृणमूल ने सत्ता में आते ही कांग्रेस और दूसरी पार्टियों के दफ्तरों व अन्य स्थान कब्जाये, इसके साथ नेताओं ने प्रशासन की मिली भगत से सरकारी व निजी जमीन, मकान सब पर भयानक रूप से कब्जे किए। माफिया तंत्र भूमि का उत्पन्न हुआ जिसने न जाने कितने लोगों को स्थान छोड़ने को विवश कर दिया। इसी तरह धर्म स्थलों पर कब्जे हुए या उन्हें जबरन बंद रखने को भी विवश किया गया। लगातार उन अवैध कब्जों के विरुद्ध कार्रवाई हो रही है। कांग्रेस और वामपंथी दलों तक के दफ्तर मुक्त कर भाजपा के लोगों ने कई जगह सौंप दिया। कुछ डर से ही छोड़ कर भाग गए। कई धर्मस्थल तो जनता ने हीं मुक्त करा लिए।

वास्तव में शुभेंदु सरकार ने भाजपा की विचारधारा को सत्ता नीति में अपनाते हुए स्पष्ट संदेश दिया है। सड़कों पर नमाज पढ़ने का अंत करने के लिए लगातार कार्रवाई हो रही है। वंदे मातरम गायन अनिवार्य कर दिया गया। राज्य के इमामों, मुअज्जिनों और पुजारियों को दिया जाने वाला सरकारी भत्ता (मानदेय) 1 जून से समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है। सरकार का एक बड़ा फैसला अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण को 17 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत करना तथा इसे केवल 66 हिंदू जातियों तक ही सीमित रखना है । पिछड़ी जाति की सूची में से मुसलमान की जातियों को पूरी तरह हटा दिया। ममता बनर्जी ने 2024 में 71 जातियों को पिछड़ी जाति में शामिल किया था जिनमें 65 मुस्लिम समुदाय के थे। ममता बनर्जी ने मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा पिछड़ी जाति का आरक्षण देने के लिए ही श्रेणी ए बनाकर 10 प्रतिशत आरक्षण घोषित किया था। इसके पहले पिछड़े वर्ग के लिए 7 प्रतिशत आरक्षण था। साफ था कि केवल वोट बैंक की दृष्टि से मुसलमानों को पिछड़ी जाति में शामिल कर अतिरिक्त आरक्षण का अनुपात लाया गया। इस तरह शुभेंदु सरकार ने कम समय में ही त्वरित गति से अपने कदमों द्वारा यह स्थापित कर दिया कि राज्य किसी मजहब या पंथ विशेष या पार्टी नेताओं या समर्थकों लिए नहीं बल्कि सबके हित में काम करेगा, खजाने का धन किसी पंथ के तुष्टिकरण के लिए नहीं बल्कि उपयुक्त पात्रों के कल्याण पर खर्च होगा, शासन कानून और विधान के अनुसार चलेगा, प्राथमिकता आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा तथा विकास होगा एवं पहले जो निहित स्वार्थी तत्व इसके रास्ते में आए, सत्ता का दुरुपयोग किया उन सबके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई होगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यवसाय का ऑनलाइन प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। अपनी दिनचर्या को सन्तुलित रखने के लिये कुछ अच्छी आदतें जीवन में अपनाने की कोशिश करें।

**वृषभ**
आपकी सहनशीलता और विन्रमता की प्रशंसा होगी। पारिवारिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**मिथुन**
वैवाहिक जीवन में आपसी समझ बढ़ेगी। अनजान व्यक्तियों से थोड़ा सावधान रहें। दिन सामान्य प्रभाव का हो सकता है। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे।

**कर्क**
घर में कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में खराबी आ सकती है। दिखावे की प्रवृत्ति से बचें। चलते हुये कार्यों में अचानक बाधा आ सकती है। गलत लोगों की संगत से दूर रहें।

**सिंह**
नयी नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। कमर दर्द का रोग उभर सकता है। प्रेम सम्बन्धों में उपहारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं।

**कन्या**
व्यापार में परेशानियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। महँगे उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**तुला**
विद्यार्थियों को परीक्षा परिणामों में सफलता मिल सकती है। प्रेमीजन को प्रपोज कर सकते हैं। उच्च अधिकारी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक**
पैतृक व्यवसाय में थोड़ा धीमापन हो सकता है। साझेदारी से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता अवश्य रखें। मानसिक तनाव से बचने के लिये धैर्य से काम लें।

**धनु**
छात्रों को पढ़ाई में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। छोटे व्यापारियों के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। प्रेम सम्बन्धों में नजदीकियाँ बढ़ेंगी। पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन शानदार है।

**मकर**
आज का दिन अत्यधिक व्यस्ततापूर्ण रहने वाला है। समाज सेवा से जुड़े लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। बदलते मौसम को लेकर स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा।

**कुंभ**
दिन की शुरुआत अत्यधिक सुखद रहेगी। नये काम की शुरुआत कर सकते हैं। जीवनसाथी के लिये समय अवश्य निकालें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**मीन**
ईर्ष्यावश लोग आपके कार्य में विघ्न डालने का प्रयास करेंगे। भोजन सही समय पर अवश्य कर लें। वरना सिरदर्द और रक्तचाप की समस्या हो सकती है।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर कृषि पर्यवेक्षकों ने दिया

चमकता राजस्थान






रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर। धरना -कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिती राजस्थान के आव्हान पर कृषि पर्यवेक्षको ने सहायक निदेशक कृषि अजमेर को माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान, मुख्य सचीव राजस्थान व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन देकर विभागीय कार्य के दौरान आ रही समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिती अजमेर के जिला संयोजक मुजीबुर्रहमान खान ने बताया की प्रमुख्य भागे1. सातवे वेतन आयोग में उत्पन्न वेतन विसंगति यथा 2400 पे-ग्रेड की तीन लेवल 5, छ-6 एवं 7 को एक करके न्यूनतम वेतन 9840 किया जावे। पेग्रेड 2800 के दो लेवल ।8 एवं 9 को भी एक किया जावे।

2. (i) प्रत्येक ग्राम पंचायत पर कृषि पर्यवेक्षक का पद स्वीकृत किया जावे तथा कृषि पर्यवेक्षक व वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक के वर्तमान पदों के अनुपात में वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षकों के पदों का सृजन किया जावे।

(ii) कृषि पर्यवेक्षक, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक व सहायक कृषि अधिकारी के पदों का अनुपात 4:1 किया जावे।

(iii) उद्यान विभाग में प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर 02 पद सहायक कृषि अधिकारी व 08-08 पद कृषि पर्यवेक्षक व वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक के सृजन किया जावे।

(iv) राज्य के सभी सहायक निदेशक कार्यालयों में प्रत्येक कृषि अधिकारी के साथ सहायक कार्य हेतु 01 वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक का पद स्वीकृत किया जावे।

(v) पंचायत समिति स्तर पर कृषि अधिकारी के पद का सृजन किया जावे।

(vii) नव सृजित जिलों के कार्यालयों में पुराने कार्यालयों के अनुसार सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षकों के पदों का सृजन किया जावे।

3. विभाग के सभी कार्य ऑन लाईन हो रहे हैं। अतः राशि रू. 1000/- प्रतिमाह रिचार्ज भत्ता दिया जावे या पूर्व की भांति सीयूजी सिम मय नेट रिचार्ज दिया जावे।

4. कृषि पर्यवेक्षक / वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षकों को राशि रू. 3750/- बहुआयामी भत्ता प्रतिमाह दिया जावे।

5. अतिरिक्त चार्ज भत्ता राशि रू. 2500/- प्रति माह दिया जावे।

6. जहाँ किसान सेवा केन्द्र नहीं बने हुए हैं, वहाँ किसान सेवा केन्द्रों का शीघ्र निर्माण कराया जावे एवं जब तक किसान सेवा केन्द्र नहीं बने तब तक राशि रू. 1500/- प्रति माह किसान सेवा केन्द्र का किराया दिया जावे। साथ ही किसान सेवा केन्द्रों की साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था हेतु राशि रू. 1000/- प्रति माह दिया जावे।

7. कृषि पर्यवेक्षक व वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षकों को पूरे साल के लिए स्टेशनरी उपलब्ध करावाई जावे या राशि रू. 500/- प्रतिमाह स्टेशनरी भत्ता दिया जावे।

8. समस्त सहायक कृषि अधिकारी कार्यालयों में कम्प्यूटर व प्रिंटर उपलब्ध करवाये जावें।

9. उपजिला/जिला/खण्ड स्तर पर प्रतिमाह प्रकोष्ठ बैठकों का आयोजन किया जावे, जिससे कि स्थानीय समस्याओं का समाधान किया जा सके।

10. लोक सेवा आयोग द्वारा की जाने वाली विभागीय सीधी भर्तियों में कृषि पर्यवेक्षकों का 15% कोटा किया जावे।11. वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक से सहायक कृषि अधिकारी के पद पर पदौन्नति कोटा 75% किया जावे। कृषि पर्यवेक्षक की नियमित डीपीसी नहीं होने से व्यापक रोष है अगर समय पर समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा इस दौरान कन्हैया लाल सुनारीवाल, मनोहर लाल,राजेश भोगावत सुनील कुमार पूजा जोया विद्यॉत्तमा वैष्णव, मालती जाग्रत सहित जिले के सेंकड़ो कृषि पर्यवेक्षक उपस्तिथ रहे, इस दौरान महावीर सिंह राठौड़ कृषि पर्यवेक्षक संगठन के उपखण्ड अजमेर के अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

है।11 सूत्री मांगों को लेकर कृषि पर्यवेक्षकों ने दियाधरना -कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिती राजस्थान के आव्हान पर कृषि पर्यवेक्षको ने सहायक निदेशक कृषि अजमेर को माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान, मुख्य सचीव राजस्थान व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन देकर विभागीय कार्य के दौरान आ रही समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिती अजमेर के जिला संयोजक मुजीबुर्रहमान खान ने बताया की प्रमुख्य भागे1. सातवे वेतन आयोग में उत्पन्न वेतन विसंगति यथा 2400 पे-ग्रेड की तीन लेवल 5, छ-6 एवं 7 को एक करके न्यूनतम वेतन 9840 किया जावे। पेग्रेड 2800 के दो लेवल ।8 एवं 9 को भी एक किया जावे।

2. (i) प्रत्येक ग्राम पंचायत पर कृषि पर्यवेक्षक का पद स्वीकृत किया जावे तथा कृषि पर्यवेक्षक व वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक के वर्तमान पदों के अनुपात में वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षकों के पदों का सृजन किया जावे।

(ii) कृषि पर्यवेक्षक, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक व सहायक कृषि अधिकारी के पदों का अनुपात 4:1 किया जावे।

(iii) उद्यान विभाग में प्रत्येक पंचायत समिति स्तर पर 02 पद सहायक कृषि अधिकारी व 08-08 पद कृषि पर्यवेक्षक व वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक के सृजन किया जावे।

(iv) राज्य के सभी सहायक निदेशक कार्यालयों में प्रत्येक कृषि अधिकारी के साथ सहायक कार्य हेतु 01 वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक का पद स्वीकृत किया जावे।

(v) पंचायत समिति स्तर पर कृषि अधिकारी के पद का सृजन किया जावे।

(vii) नव सृजित जिलों के कार्यालयों में पुराने कार्यालयों के अनुसार सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षकों के पदों का सृजन किया जावे।

3. विभाग के सभी कार्य ऑन लाईन हो रहे हैं। अतः राशि रू. 1000/- प्रतिमाह रिचार्ज भत्ता दिया जावे या पूर्व की भांति सीयूजी सिम मय नेट रिचार्ज दिया जावे।

4. कृषि पर्यवेक्षक / वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षकों को राशि रू. 3750/- बहुआयामी भत्ता प्रतिमाह दिया जावे।

5. अतिरिक्त चार्ज भत्ता राशि रू. 2500/- प्रति माह दिया जावे।

6. जहाँ किसान सेवा केन्द्र नहीं बने हुए हैं, वहाँ किसान सेवा केन्द्रों का शीघ्र निर्माण कराया जावे एवं जब तक किसान सेवा केन्द्र नहीं बने तब तक राशि रू. 1500/- प्रति माह किसान सेवा केन्द्र का किराया दिया जावे। साथ ही किसान सेवा केन्द्रों की साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था हेतु राशि रू. 1000/- प्रति माह दिया जावे।

7. कृषि पर्यवेक्षक व वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षकों को पूरे साल के लिए स्टेशनरी उपलब्ध करावाई जावे या राशि रू. 500/- प्रतिमाह स्टेशनरी भत्ता दिया जावे।

8. समस्त सहायक कृषि अधिकारी कार्यालयों में कम्प्यूटर व प्रिंटर उपलब्ध करवाये जावें।

9. उपजिला/जिला/खण्ड स्तर पर प्रतिमाह प्रकोष्ठ बैठकों का आयोजन किया जावे, जिससे कि स्थानीय समस्याओं का समाधान किया जा सके।

10. लोक सेवा आयोग द्वारा की जाने वाली विभागीय सीधी भर्तियों में कृषि पर्यवेक्षकों का 15% कोटा किया जावे।11. वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक से सहायक कृषि अधिकारी के पद पर पदौन्नति कोटा 75% किया जावे। कृषि पर्यवेक्षक की नियमित डीपीसी नहीं होने से व्यापक रोष है अगर समय पर समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा इस दौरान कन्हैया लाल सुनारीवाल, मनोहर लाल,राजेश भोगावत सुनील कुमार पूजा जोया विद्यॉत्तमा वैष्णव, मालती जाग्रत सहित जिले के सेंकड़ो कृषि पर्यवेक्षक उपस्तिथ रहे, इस दौरान महावीर सिंह राठौड़ कृषि पर्यवेक्षक संगठन के उपखण्ड अजमेर के अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक कालुराम मेघवाल ने डग उपजिला चिकित्सालय में नई सोनोग्राफी मशीन का किया शुभारंभ

- स्थानीय मरीजों को मिलेगी अब त्वरित जांच की सुविधा



**डग-10 जून (कुन्दन व्यास)।** क्षेत्रीय विधायक कालुराम मेघवाल द्वारा क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उपजिला चिकित्सालय डग में नवीन अत्याधुनिक सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया गया। कालुराम मेघवाल ने बताया कि यह मशीन क्षेत्र के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही त्वरित और सटीक जांच की सुविधा देगी,जिससे उन्हें जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी साथ ही इस आधुनिक सोनोग्राफी मशीन से गर्भावस्था, पेट,किडनी,लीवर सहित विभिन्न अंगों की जांच शीघ्रता से हो सकेगी।इससे मरीजों का समय और पैसा दोनों बचेगा और उपजिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त एवं विश्वसनीय बनेंगी। जनसेवा और जनकल्याण के ध्येय के साथ शुरू की गई यह सुविधा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी।

उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री दिनेश अग्रवाल,पूर्व जिला मंत्री तूफान सिंह,सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष डग लक्ष्मण सिंह परिहार,पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविन्द सिंह परिहार,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रतन लाल राठौर,पूर्व क्यासरा सरपंच बापू सिंह पटेल,वरिष्ठ नेता प्रेम प्रेमी,बद्री लाल,गोकुल सिंह पाडला,कमल सिंह,उन्हैल मंडल उपाध्यक्ष पूरसिंह,रामलाल उमरवाल,श्यामलाल टेलर,सुरेश जैन,मंडल महामंत्री सुनील व्यास,जितेन्द्र सिंह देवगढ़,शिवसेना जिला प्रमुख प्रकाश आनन्द,राममनोहर सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### देश के लिए गौरव का दिन, पीएम मोदी ने बनाया नया इतिहास : विधायक संजय केलकर



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** भारत के सफल, दूरदर्शी और जन-जन के लोकप्रिय प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी ने लगातार 4399 दिनों तक देश का नेतृत्व करते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। यह देश के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण है। यह बात विधायक संजय केलकर ने कही।

इस ऐतिहासिक अवसर पर ठाणे के कोलबाड स्थित जागमाता शिव मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के उनके निरंतर कार्य के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

विधायक संजय केलकर ने कहा कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आधारभूत संरचना, वैश्विक प्रतिष्ठा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उनके नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर नए आत्मविश्वास और मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि भारत को ऐसा नेतृत्व मिला है, जिसने देश को नई दिशा और नई पहचान दिलाई है। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने भी प्रधानमंत्री के दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

अंत में ईश्वर से प्रार्थना की गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्रसेवा के लिए अधिक ऊर्जा प्रदान करें, ताकि वे देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते रहें।

## कैथवाड़ा पथराली व माँची गांव में आंधी तूफान से भारी नुकसान

चमकता राजस्थान




**राकिब खांन।** डीग जिले के पहाड़ी व कामां उपखंड के कैथवाड़ा में आई तेज आंधी ने एक गरीब परिवार का आशियाना उजाड़ दिया। मकान गिरने की चपेट में आने से 5 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तुरंत बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है।

पीड़ित परिवार ने बताया कि दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और तेज धूल भरी हवाओं के साथ बवंडर आ गया। डर के मारे सभी घर के सदस्य मकान के अंदर चले गए। लेकिन हवाएं इतनी तेज थीं कि मकान में दरारें पड़ने लगीं और चटकने की आवाजें आने लगीं। अनहोनी की आशंका में आनन-फानन में सभी लोग मकान से बाहर निकले। परिवार के बाहर निकलते ही मकान भरभराकर गिर गया। इसी दौरान 5 वर्षीय बच्चा मलबे की चपेट में आ गया और उसके एक पैर में फ्रैक्चर हो गया। घायल बच्चे को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

हादसे में घर का पूरा सामान, अनाज व अन्य जरूरी चीजें मलबे में दबकर नष्ट हो गईं। करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान आंका गया है। मकान पूरी तरह ध्वस्त होने से पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से आर्थिक मदद व मुआवजे की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने भी मांग की है कि आंधी से प्रभावित परिवार को तत्काल राहत पहुंचाई जाए।

वही दूसरी ओर पहाड़ी उपखंड क्षेत्र के गांव पथराली में भी भारी नुकसान देखने को मिला है। जहां पीड़ित मुफीद खान ने बताया कि तेज आंधी तूफान के चलते तीन सेट 1 बाइक, कुट्टी कूटने वाली मशीन सहित काफी नुकसान हुआ है। पहाड़ी क्षेत्र के गांवडा भी भारी नुकसान देखने को मिला है। जहां आधी तूफान से एक परिवार का काफी नुकसान हुआ है। मकान गिरने से नीचे टीन सेट में खड़ा फार्मट्रेक 60 ट्रैक्टर, बाइक व घर पर रखा सामान टूट गया है।

वही कामां उपखंड क्षेत्र के गांव मांची में में आधी तूफान से नुकसान देखने को मिले है। जहां आजिद पुत्र नन्नू गांव मांची की दीवार धाराशाही हो गई है। जिसमें नुकसान हुआ है। जहां सभी पीड़ितों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई:अवैध खनन-लकड़ी तस्करी पर शिकंजा,5 वाहन जब्त

- डी.सी.एफ सागर पंवार के निर्देश पर आवर,डग,चौमहला रेंज में ताबड़तोड़ छापे



**चमकता राजस्थान/डग-10 जून(कुन्दन व्यास)।** वन संपदा की सुरक्षा और गैर-वानिकी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उप वन संरक्षक डी.सी.एफ सागर पंवार के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वन विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान अवैध खन और लकड़ी के अवैध परिवहन में लिप्त दो ट्रकों सहित कुल 5 वाहनों को जब्त व डिटेन किया गया है।वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रेंजवार की गई कार्रवाई का विवरण इस प्रकार है।आवर क्षेत्र अवैध खनन में लिप्त एक वाहन को मौके से जब्त कर राजस्थान वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।डग क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अन्य वाहन को जब्त कर मामला दर्ज किया गया।लकड़ी के अवैध परिवहन में संलिप्त एक वाहन को पकड़कर केस दर्ज किया गया।चौमहला क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन की आशंका पर गहन जांच के लिए दो ट्रकों को डिटेन किया गया है।वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों को वन विभाग के कार्यालय परिसरों में सुरक्षित खड़ा करवाया गया है।इन मामलों में विस्तृत जांच के बाद राजस्थान वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।अग्रिम जांच शुरू कर दी गई है।वन विभाग रेंज डग की इस सफल कार्रवाई को रेंजर नरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में अंजाम दिया गया।टीम में सहायक वनपाल कैलाशचंद्र सेन,राजेंद्र कुमार मीणा तथा वनरक्षक योगेंद्र सिंह,सुशील रेगर,भागीरथ सिंह,पेपाराम,विक्रम चौधरी, शंभूलाल वर्मा,बजरंगलाल व महिला वनरक्षक सुनीता,पूजा व ज्योति शामिल रहीं।

- **वन विभाग की चेतावनी**

डी.सी.एफ सागर पंवार ने स्पष्ट किया कि वन भूमि पर होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध खनन,अतिक्रमण और लकड़ी तस्करी के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।विभाग की सख्त कार्रवाइयों से खनन और लकड़ी माफियाओं के हौसले पस्त होंगे और प्रदेश की वन संपदा व पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

## जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित, अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस

चमकता राजस्थान



**रायसिंहनगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)**। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत चल रहे मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को नगर पालिका रायसिंहनगर के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी रायसिंहनगर ने की।

बैठक में जनगणना कार्य में लगे विभिन्न विभागों के कार्मिकों से संवाद कर कार्य की वर्तमान स्थिति, फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं तथा उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। उपखंड अधिकारी ने जनगणना कार्य को राष्ट्र निर्माण से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व बताते हुए इसे समयबद्ध, त्रुटिरहित एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं का आधार होते हैं, इसलिए कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान बैठक से अनुपस्थित पाए गए कार्मिकों के प्रति प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। उपखंड अधिकारी ने संबंधित 14 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिषेक गहलोत, कनिष्ठ अभियंता देवेंद्र सिंह सहित जनगणना कार्य में लगे विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कार्मिकों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# प्रदेश की सुख-समृद्धि, जनकल्याण एवं लोकमंगल की कामना को लेकर जिलेभर में विशेष पूजा-अर्चना सम्पन्न

चमकता राजस्थान



**ब्यावर।** प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली, जनकल्याण एवं लोकमंगल की कामना को लेकर राज्य सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को जिलेभर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय सहित सभी उपखंडों पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर प्रदेश की निरंतर उन्नति, शांति एवं समृद्धि की कामना की।जिला स्तरीय कार्यक्रम आशापुरा माता मंदिर, ब्यावर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट  कमल राम मीना, पुलिस अधीक्षक, रतन सिंह, पूर्व सभापति नगर परिषद नरेश कनोजिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डॉ. गोपाल लाल मीणा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण के लिए प्रार्थना की।

इसी प्रकार उपखंड स्तर पर ब्यावर के सुभाष उद्यान स्थित शिव मंदिर, मसूदा के अखाड़े वाले बालाजी मंदिर, जैतारण के बांगड़ा बालाजी मंदिर, रायपुर के गणेश मंदिर, बदनोर के आंजन धाम मंदिर तथा टॉडगढ़ के दूधालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन ने सहभागिता कर प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण की कामना की।

उपखंड स्तरीय कार्यक्रमों में संबंधित जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। जैतारण में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा मसूदा में विधायक श्री वीरेन्द्र सिंह कानावत ने पूजा-अर्चना में सहभागिता कर प्रदेश की खुशहाली, जनकल्याण एवं लोकमंगल की कामना की।कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा, आस्था एवं गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

संक्षिप्त समाचार

## सादड़ी में चोरी, लाखों के जेवर-नकदी पार

- बदमाश खिड़की तोड़कर घर में घुसे, पास के मकान में भी किया था प्रयास



**चमकता राजस्थान/सादड़ी।** पाली-भीकाराम कंडाराथाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने शीतला माता रोड स्थित बेरा जामून वाला क्षेत्र में एक मकान की पीछे की खिड़की तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के समय मकान के सदस्य बरामदे में सो रहे थे। सुबह उठे तो परिजनों को चोरी का पता चला।

पीड़िता कन्या पत्नी रताराम जणवा चौधरी ने बताया-8 जून की रात करीब 10 बजे वह परिवार सहित घर के बरामदे में सो गई थीं। देर रात अज्ञात चोरों ने पीछे की खिड़की तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी और पेटी के ताले तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ली। घटना की सूचना मिलने पर सादड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। सोने-चांदी के जेवर ले गए चोर

चोरी हुए सामान में सोने की कंठी, चांदी के दो कंदोरे (कुल 750 ग्राम), कड़िया जोड़ी (500 ग्राम), छड़ा (250 ग्राम), चूड़ी जोड़ी, तोड़ा जोड़ी सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एक छोटे बक्से से 1,500 रुपये और एक बैग से 30,000 रुपये नकद भी चोरी हुए। बताया जा रहा है कि इस वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने पास के एक अन्य मकान में भी घुसने का प्रयास किया था, लेकिन वे वहां सफल नहीं हो पाए।

## खेत बचाओ अभियान के तहत बस्सी में किसान - वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित




**चमकता राजस्थान/सेमारी।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग योजना ब्यूरो (एनबीएसएस एंड एलयूपी), क्षेत्रीय केन्द्र, उदयपुर द्वारा ₹खेत बचाओ अभियान₹ के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत भवन, बस्सी, तहसील सलूम्बर, जिला सलूम्बर में किसानझवैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 100 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें महिला कृषकों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही कार्यक्रम के दौरान प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. पी. शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए रासायनिक उर्वरकों का उपयोग सीमित एवं संतुलित मात्रा में किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती की पद्धतियों को अपनाने का आ''ान करते हुए कहा कि अत्यधिक उर्वरक उपयोग से मृदा एवं जल प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। उन्होंने ₹जितनी आवश्यकता उतना उर्वरक₹ के सिद्धांत को अपनाने तथा जैविक एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर बल दिया डॉ. आर. एस. मीणा ने अपने व्याख्यान में बताया कि सलूम्बर क्षेत्र, विशेषकर बस्सी गांव की मिट्टियों में पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का उचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों को संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाने तथा मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी।

## जाम्बा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को मिली नई मजबूती



**चमकता राजस्थान/सियाराम विश्नोई/जाम्बा।** फलोदी विधानसभा क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य कल्याण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, स्थानीय विधायक पब्बाराम विश्नोई के आग्रह पर 'अयाना रिन्यूएबल पावर प्राइवेट लिमिटेड' (Ayana Renewable Power Private Limited) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (उल्ऌउ) जाम्बा को लगभग 65 लाख रुपये मूल्य की अत्याधुनिक एम्बुलेंस और एक्स-रे मशीन भेंट की है।

इस एम्बुलेंस का संचालन 'जाम्बा संत आश्रम अगुणी जागा' और 'आथुणी जागा' द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह एम्बुलेंस क्षेत्र के मरीजों के लिए वरदान साबित होगी, जिससे गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को ससमय उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक पहुँचाने में मदद मिलेगी।

जनसेवा हेतु प्रतिबद्ध हैं: विधायक पब्बाराम विश्नोई कार्यक्रम के दौरान विधायक विश्नोई ने कहा, 'जनसेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढीकरण आमजन के जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए इसी प्रकार कटिबद्ध होकर कार्य करते रहेंगे।'

गौरतलब है कि जाम्बा के सरपंच मनोहरराम गीला के विशेष प्रयासों से वर्ष 2022-23 में इस चिकित्सालय को सीएचसी (CHC) के रूप में क्रमोन्नत करवाया गया था, जिससे अब क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में हुआ सर्वांगीण विकास, आमजन का जीता विश्वास : भागीरथ चौधरी

चमकता राजस्थान



**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष में संसदीय क्षेत्र के निम्बार्क तीर्थ एवं पुष्कर में दर्शन-पूजन कर राष्ट्र एवं जनकल्याण की कामना

पुष्कर/अजमेर, 10 जून 2026 केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पावन अखिल भारतीय निम्बार्क पीठ, निम्बार्क तीर्थ में दर्शन एवं पूजन कर संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भागीरथ चौधरी ने राष्ट्र की निरंतर उन्नति, किसानों के कल्याण, जनसमृद्धि तथा समस्त देशवासियों के सुख, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं।

**अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिला लाभ :** इसके पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने तीर्थराज पुष्कर पहुंचकर जगत पिता ब्रह्मा जी के मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की तथा विश्व कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने पावन पुष्कर सरोवर की महाआरती में सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण में राष्ट्र एवं समाज की उन्नति की कामना की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि वर्ष 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की जनता लगातार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। यही कारण है कि आज देश की जनता का भरोसा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर और अधिक मजबूत हुआ है।

**पीएम मोदी ने आमजन के भरोसे से बनाया इतिहास:** केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया इतिहास रचा है। उनके नेतृत्व में किसान, जवान, महिला, युवा, दलित, वंचित एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। निम्बार्क तीर्थ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अजमेर देहात भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट जीतमल प्रजापत भाजपा अजमेर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आखिर कौन सुनेगा आवाज ?

चमकता राजस्थान



**बालोतरा /रामेश्वर खिलेरी।** गुड़ामालानी का एक युवा पिछले कई दिनों से लगातार आवाज उठा रहा है। वह रोज वीडियो बना रहा है, रोज सोशल मीडिया पर डाल रहा है, रोज लोगों को दिखा रहा है कि आखिर गुड़ामालानी के अंदर क्या चल रहा है।

उसके वीडियो में कई बार युवाओं को एमडी, स्मैक और अन्य नशों के सेवन करते हुए दिखाया गया है। कई वीडियो में उन जगहों की जानकारी भी दिखाई गई है जहां कथित रूप से नशा बेचे जाने की शिकायतें की जा रही हैं। वह पुलिस को सूचना भी दे रहा है, लोगों को भी जगा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि आखिर उसकी आवाज कौन सुनेगा?

अगर उसके वीडियो गलत हैं तो जांच करके सच सामने लाया जाए। और अगर उसके वीडियो सही हैं तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? गुड़ामालानी के लोगों, जरा सोचिए...

अगर आज एक लड़का अपनी जान जोखिम में डालकर नशे के खिलाफ बोल रहा है और हम सिर्फ तमाशा देख रहे हैं, तो कल जब यह जहर हमारे अपने घर तक पहुंचेगा तब हम किसे दोष देंगे?

नशा बेचने वाला सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं बर्बाद करता। वह पूरे परिवार को बर्बाद करता है। वह एक मां की गोद उजाड़ता है। वह एक बाप की उम्मीद तोड़ता है। वह एक बहन का सहारा छीनता है। वह एक बच्चे का भविष्य खत्म करता है।

कुछ लोग पैसों के लालच में अपना घर चला रहे होंगे, लेकिन उनके लालच की कीमत किसी और के घर का चिराग बुझाकर चुकाई जा रही है।

एक लड़का अपने मोबाइल के सहारे नशे के खिलाफ लड़ रहा है, लेकिन पूरा समाज खामोश बैठा है। वह अपने लिए नहीं लड़ रहा।वह उन युवाओं के लिए लड़ रहा है जो नशे में अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं।वह उन मांओं के लिए लड़ रहा है जिनके बेटे धीरे-धीरे मौत की तरफ बढ़ रहे हैं।वह उन बहनों के लिए लड़ रहा है जिनके भाई नशे के कारण घर बर्बाद कर रहे हैं।

नशा बेचने वाला कुछ रुपए कमा लेगा।नशा खरीदने वाला अपनी जिंदगी हार जाएगा।

पुलिस पकड़े या न पकड़े...मुकदमा हो या न हो...लेकिन स्मैक और नशे का आदी बनने वाला युवा अपनी जिंदगी जरूर हार जाता है।

आज जरूरत उस लड़के की भाषा देखने की नहीं है।आज जरूरत उसके मुद्दे को समझने की है।

क्योंकि वह सिर्फ एक बात कह रहा है...

'गुड़ामालानी को नशे से बचाओ, युवाओं को बर्बादी से बचाओ।'

अगर आज भी समाज नहीं जागा, तो कल हर गली में रोती हुई मां मिलेगी, हर घर में टूटे हुए सपने मिलेंगे और हर परिवार में किसी न किसी की बर्बादी की कहानी मिलेगी।

नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक लड़के की नहीं, पूरे गुड़ामालानी की लड़ाई है।आज जरूरत इस बात की नहीं है कि उस युवा की भाषा कैसी है। वह कितना पढ़ा-लिखा है। वह कितना अच्छा बोलता है।

जरूरत इस बात की है कि उसका मुद्दा क्या है।

और उसका मुद्दा साफ है...

'गुड़ामालानी के युवाओं को नशे से बचाना।'

## महावितरण के खराब कामकाज के खिलाफ शिवसेना का एल्गार



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/नवी मुंबई।** नवी मुंबई के नागरिक पिछले कई वर्षों से महावितरण के खराब और लापरवाह कामकाज का खामियाजा भुगत रहे हैं। बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होना, केबल जलने की घटनाएं, ट्रांसफॉर्मर में खराबी और लोगों को घंटों अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना जैसी समस्याओं के कारण नागरिकों में भारी नाराजगी है।

इन्हीं गंभीर समस्याओं की ओर महावितरण प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए आज शिवसेना की ओर से नवी मुंबई स्थित ऐरोली महावितरण कार्यालय पर जोरदार आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में सांसद नरेश म्हस्के स्वयं शामिल हुए और अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

शिवसेना के आक्रामक रुख के बाद महावितरण अधिकारियों ने तत्काल आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि नवी मुंबई के लिए नागपुर और सिंधुदुर्ग से अलग केबलें मंगवाई गई हैं तथा घटिया काम करने वाले संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नए ट्रांसफॉर्मर लगाने का काम भी प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा।

इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के ने कहा, ₹हम सत्ता में हैं, लेकिन जनता के मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलनी ही चाहिए, यही हमारी स्पष्ट भूमिका है।₹ उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि बिजली संबंधी समस्याएं जारी रहीं तो अधिकारियों को कार्यालय में बैठने नहीं दिया जाएगा।

आंदोलन में संपर्क प्रमुख अंकुश कदम, गटनेता मनोज हलदणकर, नगरसेविका एवं प्रभाग समिति अध्यक्ष हेमांगी सोनवणे, ऐश्वर्या सोनवणे, वैशाली पाटील, पूजा पाटील, आकाश मढवी, राजू पाटील, अंकुश सोनवणे, गगनदीप सिंह कोहली सहित शिवसेना के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण का मुद्दा फिर गरमाया

**चमकता राजस्थान/बोडेली, छोटाउदेपुर।** मानसून से पहले बोडेली नगर पालिका द्वारा प्री-मानसून कार्यवाही युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई है। वर्षों से बारिश के दौरान जलभराव और निकासी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हरखली कोटर क्षेत्र में अब नगर पालिका ने स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

जानकारी के अनुसार, अलीपुरा चौकड़ी स्थित हरखली कोटर क्षेत्र में वीसणु फरसाण की ओर से आने वाले वर्षा जल के सुचारु निकास के लिए 1200 मिमी व्यास की विशाल पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। हर वर्ष भारी बारिश के दौरान इस क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी, जिससे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

नगर पालिका द्वारा शुरू किए गए इस विकास कार्य का निरीक्षण करने के लिए नगर पालिका के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। कार्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी एकत्रित हुए। उल्लेखनीय है कि कई व्यापारियों ने विकास कार्य में बाधा न आए, इसके लिए स्वेच्छा से अपनी दुकानों के सामने रखे गए अस्थायी ढांचे और सामान हटाकर प्रशासन को सहयोग दिया।

हालांकि विकास कार्य के साथ-साथ एक और मुद्दा लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। हरखली कोटर और आसपास के क्षेत्रों में अब भी कई स्थायी एवं कथित अवैध अतिक्रमण मौजूद हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि वर्षा जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान करना है, तो केवल पाइपलाइन बिछाना पर्याप्त नहीं होगा। नालों, सरकारी भूमि और नगर पालिका की संपत्तियों पर वर्षों से बने अतिक्रमणों को हटाना भी उतना ही आवश्यक है। शहर में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि नगर पालिका विकास कार्यों में तो सक्रिय नजर आ रही है, लेकिन अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ अब तक कोई व्यापक अभियान नहीं चलाया गया है। नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि जब आम लोग विकास कार्य में सहयोग कर रहे हैं, तब सार्वजनिक मार्गों, नालों और सरकारी जमीनों पर किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कब की जाएगी?

## रात्रि चौपाल में जनसमस्याओं की गूंज



**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** ग्राम पंचायत फौजूवाला में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखा। उपखंड अधिकारी श्री सुभाष चंद्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सात दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में कुल पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें विद्यालय के लिए भूमि पट्टा जारी करने, गांव में सरकारी लाइब्रेरी स्थापित करने, स्वीकृत खाले का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने, पेयजल पाइपलाइन में वॉल्व लगाने तथा फौजूवाला में रोडवेज बस अड्डा स्वीकृत करने जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल रहीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अध्ययन सुविधाओं की कमी के कारण विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं किसानों ने सिंचाई सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वीकृत खाले का निर्माण जल्द शुरू करवाने की मांग रखी। पेयजल आपूर्ति और परिवहन व्यवस्था को लेकर भी ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

उपखंड अधिकारी श्री चौधरी ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वंदना शर्मा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहनलाल सोलंकी, वन विभाग के रेंजर पवन कुमार बिश्नोई तथा डीओआईटी विभाग की प्रोग्रामर सुमन जनसुनवाई में अनुपस्थित पाए गए। इस पर उपखंड अधिकारी ने चारों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए भविष्य में जनसुनवाई कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

## ब्रेक फेल के चलते दर्दनाक सड़क हादसा



**चमकता राजस्थान/देहरादून/मसूरी (दीपक शर्मा बामनवास)** तेज ढलान पर एक कार अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक महिला की मौत की मौत हुई है, जबकि अन्य लोगों को निकालने के लिए पुलिस,SDRF और फायर सर्विस की टीमों द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार के ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।

## मण्डी समिति सभागार में आयोजित हुई प्रचार-प्रसार बैठक, उद्यम स्थापना के लिए दी गई जानकारी

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना से खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों को मिल रहा प्रोत्साहन

चमकता राजस्थान



**ब्यावर।** कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावर के सभागार में बुधवार को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (PMFME) के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजीविका समूहों के प्रतिनिधियों, कृषकों, लघु उद्यमियों, व्यापारियों तथा बैंक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान योजना के अंतर्गत एक स्पॉट फाइलिंग भी की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कृषि उपज मण्डी समिति सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक युवाओं, उद्यमियों एवं मौजूदा इकाइयों के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया से लेकर बैंक ऋृण स्वीकृति तक सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराया जाता है।

मण्डी समिति सचिव ने बताया कि पात्र लाभार्थियों को उद्योग स्थापना हेतु अधिकतम 10 लाख रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाता है। साथ ही आवेदन के लिए निःशुल्क सहायता, प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उद्यमियों को अपना व्यवसाय स्थापित करने एवं विस्तार करने में सुविधा मिलती है। बैठक में बताया गया कि योजना के अंतर्गत अमरूद जैम, मूंगफली चिकी, मिल्क आइसक्रीम, मूंगफली तेल, तिल तेल, पशु आहार, साबूदाना, चॉकलेट, टमाटर सॉस, पापड़, घी, ब्रेड, बिस्किट सहित विभिन्न खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जा सकती है।

बैठक के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, वित्तीय सहायता एवं अन्य प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल योगिका परिणीति विश्नोई ने कराया विशेष योग सत्र



**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/मेहराम गहलोत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्षय में पीपाड़ शहर स्थित मामा जी मैरिज गार्डन में चल रहे इंट्रीग्रेटेड योग शिविर में बुधवार को बाल योगिका एवं योग एक्सपर्ट परिणीति विश्नोई ने विशेष योग सत्र का संचालन कर उपस्थित लोगों को योग, प्राणायाम एवं प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व की जानकारी दी। शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

शिविर की शुरुआत प्रातःकालीन हवन-पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक मिका सिंह के जन्मदिवस पर विशेष शुभकामनाएं अर्पित की गईं जो परिणीति के प्रेरक भी है। शिविर में देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं का पाठ कर उपस्थित योग साधकों में राष्ट्रप्रेम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया। आयोजकों ने मिका सिंह को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की।

पतंजलि योग समिति के योग गुरु डॉ. भगवान राम परिहार के नेतृत्व में 20 मई से 21 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित हो रहे योग शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। विशेष सत्र के दौरान परिणीति विश्नोई ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए बताया कि नियमित योग से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास संभव है तथा बदलती जीवनशैली से उत्पन्न अनेक रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

### 2100 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश किए धारण



**चमकता राजस्थान/सेमारी।** चावण्ड। क्षेत्र के सालवी समाजजनों द्वारा गणेश नगर स्थित जैन फार्म में अपनी मंगलमय यात्रा सानंद पूर्ण करने के उपलक्ष में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के तहत एक विशाल और भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस भव्य आयोजन में 2100 महिलाओं ने एक साथ सिर पर मंगल कलश धारण कर भाग लिया जिससे पूरा चावण्ड कस्बा भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम कलश यात्रा का शुभारंभ जैन फार्म, गणेश नगर (चावण्ड) से पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ हुआ। सिर पर पीले और लाल रंग के वस्त्र पहने, मंगल घट धारण किए महिलाओं का हुजूम देखते ही बन रहा था गाजे बाजे ढोल नगाड़ों और धार्मिक भजनों की धुनों पर झूमते श्रद्धालुओं के साथ यह शोभा यात्रा जैन फार्म से शुरू होकर नारसिंग माता मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए इसके बाद यात्रा मुख्य चौराहा (चावण्ड) होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची। हनुमान मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद सभी कलशों में पवित्र जल भरा गया। कलश भरने के बाद यह भव्य विहंगम दृश्य चावण्ड बस स्टैंड से गुजरते हुए वापस अपने प्रस्थान बिंदु जैन फार्म, गणेश नगर पर पहुंचकर संपन्न हुआ। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस विशाल और गरिमामयी धार्मिक महोत्सव का सफल आयोजन सालवी परिवार द्वारा किया गया। मुख्य आयोजनकर्ताओं में शामिल रहे सुंदर देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय रतन लाल जी सालवी दीपिका धर्मपत्नी विजय सालवी दीपिका धर्मपत्नी कैलाश सालवी जिनके द्वारा यात्रा की समाप्ति पर सालवी परिवार द्वारा सभी उपस्थित श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रबुद्ध जन और हजारों की तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे। समापन पर महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया भक्ति शक्ति और श्रद्धा का ऐसा अनूठा संगम चावण्ड में लंबे समय बाद देखने को मिला, जहां 2100 कलशों की कतार ने पूरे क्षेत्र को अध्यात्म के रंग में रंग दिया।

---

**जिला कलक्टर कमल राम मीना ने कहा- आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता**

# रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान




**ब्यावर।** जिले में आयोजित रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत 9 जून 2026 को ग्राम पंचायत सरवीना स्थित अटल सेवा केंद्र में जिला कलक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दे जिला कलक्टर के समक्ष रखे, जिन पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

चौपाल में ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-58 से ग्राम पंचायत सरवीना की ओर जाने वाले खतरनाक मोड़ को सुधारने तथा सड़क सुरक्षा के आवश्यक उपाय करवाने की मांग रखी। इसके साथ ही ग्राम पंचायत सरवीना के लाला दादा की बड़िया क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन एवं घरेलू जल कनेक्शन उपलब्ध करवाने का मुद्दा भी उठाया गया।

ग्रामीणों ने ग्राम नाहरपुर में हैण्डपम्प स्थापित करवाने, ग्राम पंचायत सरवीना में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा अधूरे छोड़े गए सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने एवं क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत करवाने की मांग भी जिला कलक्टर के समक्ष रखी। इसके अतिरिक्त ग्राम सरवीना के तालाब क्षेत्र में स्थित विद्युत पोल एवं विद्युत लाइन को सुरक्षा की दृष्टि से अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करवाने का विषय भी प्रमुखता से उठाया गया।

जिला कलक्टर कमल राम मीना ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशासन सीधे लोगों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कर रहा है।

रात्रि चौपाल के दौरान उपखण्ड अधिकारी, ब्यावर दिव्यांश सिंह , अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डॉ. गोपाल लाल मीणा, तहसीलदार, ब्यावर हनुत सिंह रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की गई।

### नलिनी राठौड़ ने नशा मुक्त दहेज प्रथा पर अपना अनुबोधन दिया



**चमकता राजस्थान/ मनीष मेहता जोधपुर।** जिले के नारवा खिंचियान गांव में, बाई सा राज भूआ सा स्नेह मिलन खड़ी सप्ताह समारोह हुआ धूमधाम से सम्पन्न । रामेश्वर सोनी ने बताया कि, बचपन की सहेलियों से मिलवाया उन गलियों की यादें, जहां कभी साथ खेला करते थे, वह हसी मजाक, वह शरारतें, वह अपनापन, आज फिर से जीवित हो गया । आज के समय में समाज में चल रही कुर्तियां को निवारण कैसे करें, जैसे दिखावा, महंगी शादियां, महंगे गहने, महंगी दारु, महंगी गाड़िया, यह चंद लोगों की सराहना पाने के लिए अपनी सारी कमाई उड़ा देते हैं ।

सबसे बड़ी विडंबना नशे की बढ़ती लते, जिस युवा के हाथ में कलम होनी चाहिए, जिसके मन में बड़े सपने होने चाहिए, यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया तो उसका भविष्य खराब हो सकता हैं, उसके पीछे पूरे परिवार का नाम और वर्षों से कमाई इज्जत को मिट्टी में मिला देते हैं ।आवश्यकता है हम अपने युवाओं को खेल, शिक्षा, प्रतिभागी, परीक्षाओं में सेना प्रशासन और राष्ट्रसेवा की तरफ प्रेरित करे, तभी समाज की बहन बेटियां, सुरक्षित रहे, दहेज प्रथा और नशा मुक्त होकर हमारा समाज आगे बढ़े ।राजपूत युवा की पहचान उसकी मूंछें या बन्ना गिरी से नहीं बल्कि, उसके चरित्र, अनुशासन, परिश्रम, और उपलब्धियां से होनी चाहिए, जब समाज सही मायने में शिक्षित होता है, तब दहेज प्रथा जैसी कुर्तियां अपने आप ही समाप्त हो जाती हैं । दहेज मांगना और दिखावे के तौर पर दहेज देना, दोनों ही गलत है, आज के समय में बेटियां बोझ नहीं बल्कि बेटियां परिवार का गौरव है, बेटा एक कुल को तारे या नहीं तारे, लेकिन बेटिया दो कुल को तारती है, संवारती है, और परिवार को स्वर्ग जैसा बनाती है । तभी नारी शक्ति को नारायणी कहा गया है, शक्ति स्वरूपा कभी दादी नानी मां मौसी मामी भूआ बहन बेटी चाची बड़ी मां जैसे अनेक स्वरूप निभाती हैं, इसी लिए नारी को ममता मय, करुणा मय कहा गया है । लेखक नलिनी कंवर राठौड़

### 7 दिन में शेयर अनुसार सिंचाई पानी देने का आश्वासन, अन्यथा कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन



**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** गंग नहर प्रणाली की नहरों में 6 जून से की गई अघोषित पानी कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के आ''ान पर बुधवार को किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष एवं करणपुर विधायक रूपिंद्र सिंह कुनर, सांसद कुलदीप इंदौरा तथा रायसिंहनगर विधायक सोहन नायक के नेतृत्व में सैकड़ों किसान सांसद निवास (भगत सिंह चौक) पर एकत्रित हुए और वहां से जिला कलेक्ट्रेट तक रोष मार्च निकालकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि एक ओर किसानों को गेहूं खरीद लक्ष्य और समर्थन अवधि बढ़ाने के मुद्दे पर परेशान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर खरीफ फसलों के लिए निर्धारित शेयर के अनुसार सिंचाई पानी उपलब्ध कराने में भी गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम सौंपे गए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष रूपिंद्र सिंह कुनर ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा गंग नहर प्रणाली के लिए 2500 क्यूसेक सिंचाई पानी निर्धारित किया गया है, इसके बावजूद किसानों को पूरा पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से पंजाब सरकार के साथ प्रभावी बातचीत कर किसानों के हिस्से का पानी सुनिश्चित कराने की मांग की। इस दौरान जिला कलेक्टर सभागार में जिला कलेक्टर, एडीएम सुभाष कुमार, एडीएम रीना छींपा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीक्षा कामरा, एसई धीरज चावला, सांसद कुलदीप इंदौरा, पूर्व विधायक राजकुमार गौड़ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विकसित भारत एक नारा नहीं संकल्प है: मूर्ती मीणा



**चमकता राजस्थान/दौसा।** भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रेला एवं प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा मूर्ती मीणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूरे होने पर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पूजा,अर्चना कर उन्हे शुभकामनाएँ दी एवं कार्यक्रम का शुभारंभ किया।'अस्मिता खेलो इंडिया महिला साइक्लिंग सिटी लीग 2026 के अंतर्गत दौसा जिले में दिनांक 10 जून 2026 को महिला साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रेला एवं प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा मूर्ती मीणा ने आज साइक्लिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन किया,प्रतियोगिता में जूनियर गर्ल्स एवं सब जूनियर यूथ गर्लस वर्ग की प्रतिभाशाली खिलाड़ीयों ने भाग लिया,सभी प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया,सभी खिलाड़ियों को ऐसी महिला प्रतियोगितायों से प्रोत्साहन मिलेगा।

भाजपा ज़िला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने कहा लोकतांत्रिक इतिहास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 4399 दिनों की यह यात्रा विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने की ऐतिहासिक यात्रा है। यह रिकॉर्ड केवल समय का नहीं,बल्कि संकल्प,विश्वास और निरंतर प्रगति का भी है।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण का नया अध्याय लिखने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मीणा, लाठी ने कहा कि गरीब कल्याण से लेकर वैश्विक मंच पर भारत के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की इस यात्रा ने देश को आत्मविश्वासी,सक्षम और विकसित भारत के संकल्प की ओर अग्रसर किया है।

प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा मूर्ती मीणा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक नए युग में प्रवेश किया है, जहाँ राष्ट चेतना का पुनः जागरण हुआ है और देश ने वैश्विक पटल पर एक सशक्त, सक्षम एवं आत्मनिर्भर राष्ट के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। यह वह कालखंड है जिसमें जनता ने लगातार तीन बार आपके नेतृत्व पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। यह जनविश्वास इस बात का प्रमाण है कि आपके प्रत्येक निर्णय और नीति के केंद्र में सदैव राष्ट प्रथम की भावना सर्वोपरि रही है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल ने बताया इस अवसर पर सारिका चौधरी अध्यक्ष राजस्थान साइकिलीग,सरोज मीणा,लक्ष्मी दीक्षित,कल्पना गोस्वामी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## प्रदेश की खुशहाली, उत्तम वर्षा और पर्यावरण संरक्षण की कामना से विशेष पूजा-अर्चना आयोजित

चमकता राजस्थान



**मोहम्मद रफीक नागौर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश की खुशहाली, जनकल्याण, लोकमंगल एवं उत्तम वर्षा की कामना को लेकर बुधवार को नागौर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने प्रतापसागर स्थित जबरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा जिले एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और किसानों की खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान जबरेश्वर महादेव सेवा समिति के सानिध्य में इंद्र देवता एवं वृक्ष पूजन कराया गया। कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश देते हुए पेड़-पौधों की पूजा कर पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है तथा प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना ही सतत विकास का आधार बन सकती है।

विशेष अनुष्ठान के क्रम में प्रतापसागर पाल पर स्थित भेरूनाथ मंदिर में भी पूजा-अर्चना की गई तथा बकाले का भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत पक्षियों के लिए निर्धारित चुग्गा स्थल पर दाना डलवाकर जीव संरक्षण एवं प्रकृति प्रेम का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अच्छी बारिश, जल स्रोतों के संरक्षण, किसानों की समृद्धि तथा प्रदेशवासियों के सुखद, सुरक्षित एवं समृद्ध जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम में नागौर उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भिंचार, जबरेश्वर महादेव सेवा समिति के उपाध्यक्ष जय नारायण चौहान, कोषाध्यक्ष अनिल समदड़िया, सचिव ओमप्रकाश सेन सहित समिति के अन्य सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### श्री कायावर्णेश्वर महादेव मंदिर में विधायक कालूराम मेघवाल ने किया रुद्राभिषेक

- मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्र-प्रदेश की समृद्धि की कामना



**चमकता राजस्थान/डग-10 जून(कुन्दन व्यास)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा,सुशासन,विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर सोमवार को डग के समीपवर्ती ग्राम क्यासरा स्थित अतिप्राचीन श्री कायावर्णेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया।क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल ने मंदिर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक एवं पूजा-अर्चना की।पूजा के दौरान उन्होंने भारत को विश्वगुरु बनाने,राजस्थान की खुशहाली और डग विधानसभा क्षेत्र की जनता के सुख,शांति एवं समृद्धि की विशेष प्रार्थना की इस अवसर पर विधायक कालूराम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है।गरीब कल्याण,अंत्योदय,डिजिटल इंडिया,स्टार्टअप,आत्मनिर्भर भारत और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के माध्यम से देश ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।उन्होंने कहा कि ₹सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण₹ ही मोदी सरकार की पहचान है।इसी संकल्प के साथ हम जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाएंगे।पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर ₹हर हर महादेव₹और ₹भारत माता की जय₹ के नारों से गूंज उठा।कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री दिनेश अग्रवाल,पूर्व जिला मंत्री तूफान सिंह,सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष डग लक्ष्मण सिंह परिहार,पूर्व सरपंच बापू सिंह पटेल,बद्री लाल,भाव सिंह,गोकुल सिंह पाडला,बबलू सिंह,कमल सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।समापन पर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं देश की निरंतर उन्नति की कामना की।

---

**रिन्युएबल एनर्जी, नेटवर्क कनेक्टिविटी और ऑपरेशन की जिम्मेदारी रिलायंस के पास**

# जामनगर बनेगा AI इंफ्रास्ट्रक्चर का नया केंद्र, रिलायंस-Meta बनाएंगे डेटा सेंटर

चमकता राजस्थान

- 168MW क्षमता वाला डेटा सेंटर दो साल में बनाएगी रिलायंस
- जामनगर से Meta की अककंप्यूटिंग जरूरतों को मिलेगी ताकत

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और Meta ने गुजरात के जामनगर में AI-एनेबल्ड डेटा सेंटर बनाने के लिए साझेदारी की है। रिलायंस जामनगर में 168MW क्षमता वाला डेटा सेंटर विकसित करेगी, जिसे अगले दो वर्षों में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। आगे जरूरत के हिसाब से इसकी क्षमता बढ़ाया जा सकेगा।

रिलायंस इस परियोजना में डेटा सेंटर का डिजाइन, निर्माण, बिजली और जरूरी सेवाओं का प्रबंधन, रिन्युएबल पावर सप्लाई, नेटवर्क कनेक्टिविटी और ऑपरेशनल सर्विसेज उपलब्ध कराएगी। यानी रिलायंस इस प्रोजेक्ट में टीड़ के लिए एंड-टू-एंड इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर की भूमिका निभाएगी।

यह भारत में Meta के लिए पहली बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर क्षमता होगी। आसान भाषा में कहें तो यह डेटा सेंटर Meta की खास जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। इससे टीड़ के अक इंफ्रास्ट्रक्चर, उसके मुख्य कारोबार और बड़े पैमाने की कंप्यूटिंग जरूरतों को मदद मिलेगी।

गुजरात का जामनगर एक अहम रणनीतिक स्थान है। यहां रिन्युएबल एनर्जी, पानी की उपलब्धता, जियो का बड़ा फाइबर नेटवर्क और पश्चिमी तट पर समुद्री इंटरनेट केबल लैंडिंग स्टेशनों की नजदीकी जैसे फायदे हैं। यह डेटा सेंटर रिन्युएबल एनर्जी से चलेगा और कूलिंग के लिए साफ किए गए समुद्री पानी का इस्तेमाल किया जाएगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुक`श डी. अंबानी ने कहा कि टीड़ के साथ यह साझेदारी भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक बड़ा क्षण है। उन्होंने कहा कि रिलायंस विश्वस्तरीय डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अकइनोवेशन की अगली पीढ़ी को भारत ही नहीं, दुनिया के लिए भी ताकत देगा। उनके मुताबिक जामनगर हाइपरस्केल अक कंप्यूटिंग के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

Meta के फाउंडर और उएड मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि कंपनी भारत में अपना पहला अक एनेबल्ड डेटा सेंटर रिलायंस के साथ बनाने को लेकर उत्साहित है। उन्होंने कहा कि जामनगर की यह विश्वस्तरीय सुविधा टीड़ को अपनी अकइंफ्रास्ट्रक्चर क्षमता को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने में मदद करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था में टीड़ के दीर्घकालिक निवेश को और मजबूत करेगी।

रिलीज़ के मुताबिक यह साझेदारी भारत सरकार की उन प्राथमिकताओं से भी मेल खाती है, जिनमें डेटा सेंटर को रणनीतिक राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर माना गया है। यह प्रोजेक्ट भारत में वैश्विक AI इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश को आकर्षित करने की दिशा में भी अहम कदम माना जा रहा है।

# नागौर शहर में यातायात व्यवस्था बदहाल, दिल्ली दरवाजा से गांधी चौक तक रोजाना जाम

चमकता राजस्थान



**मोहम्मद रफीक नागौर।** नागौर शहर में यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। विशेष रूप से दिल्ली दरवाजा से गांधी चौक तक का मुख्य मार्ग दिनभर जाम की समस्या से जूझता रहता है। इस मार्ग पर एक तरफ से आने और दूसरी तरफ से जाने की व्यवस्था होने के बावजूद पर्याप्त यातायात नियंत्रण के अभाव में वाहन चालकों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की प्रमुख वजह सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा अपने सामान को दुकान की सीमा से बाहर तक फैलाना है। कई स्थानों पर दुकानों के बाहर सामान रखने से सड़क संकरी हो जाती है, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। इसके अलावा बड़ी संख्या में मोटरसाइकिलें भी दुकानों के सामने और सड़क किनारे खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे यातायात और अधिक बाधित हो जाता है।

गांधी चौक के अंदर बाजार की ओर जाने वाली सड़क पर स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है। यहां पैदल चलने वाले लोगों को रास्ता तक नहीं मिल पाता। बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले नागरिकों, महिलाओं और बुजुर्गों को मोटरसाइकिलों की भीड़ के बीच होकर गुजरना पड़ता है। कई जगहों पर ठेले और अन्य वाहन भी सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे पैदल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद और संबंधित विभाग इस समस्या की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं। लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई है, लेकिन न तो अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई की जा रही है और न ही अवैध पार्किंग पर नियंत्रण लगाया जा रहा है।

शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि दिल्ली दरवाजा से गांधी चौक तक नियमित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अतिक्रमण हटाया जाए तथा बाजार क्षेत्र में पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि आमजन को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सापासर तालाब पर हुआ वृक्षारोपण

- नगर पालिका ने किया सौंदर्यकरण, रंगोली बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/मेहराम गहलोत।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्षय में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नगर पालिका पीपाड़ शहर द्वारा बुधवार को सापासर तालाब परिसर में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देशय पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा हरित वातावरण का निर्माण करना रहा।
इस अवसर पर तालाब परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। साथ ही स्थल का सौंदर्यकरण करते हुए आकर्षक रंगोली बनाई गई, जिसने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस पहल से न केवल क्षेत्र की सुंदरता में वृद्धि हुई, बल्कि आमजन में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश भी पहुंचा।
कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रामकिशोर एवं राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पालिका कार्मिकों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।
इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य कच्छावाह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभाकर टाक, मगराज पुरोहित, सोहनलाल सांखला, विक्रम देवड़ा, मोहम्मद रफीक खोखर, देवाराम जांगिड़, सलाम कुरैशी, रामकिशोर कच्छावाह, नरेंद्र कुमार शर्मा सहित वार्ड सफाई प्रभारी एवं नगर पालिका के कार्मिक उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवशयकता है तथा प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक प्रेरणादायक प्रयास है।

### अभी न जाओ छोड़कर₹ – सुरों की महारानी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**चमकता राजस्थान/मदनगंज किशनगढ ।** म्यूज़िक लवर्स किशनगढ़ द्वारा 13 जून को भारतीय संगीत जगत की अमर स्वर कोकिला स्वर्गीय आशा भोसले जी को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि 'अभी न जाओ छोड़कर' का भव्य आयोजन किया जा रहा है।
यह समारोह भारतीय संगीत जगत की अमर स्वर कोकिला स्वर्गीय आशा भोसले जी को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि है।
कार्यक्रम अग्रसेन विहार, किशनगढ़ में सायं 6:30 बजे से प्रारंभ होगा, जहाँ संगीत प्रेमी आशा जी के सदाबहार गीतों के माध्यम से उनके अनुपम योगदान को नमन करेंगे। यह संध्या केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय फिल्म संगीत की स्वर्णिम विरासत को याद करने और उसे सहेजने का एक विनम्र प्रयास है।
कार्यक्रम के शो डायरेक्टर नीरज आर्य, अध्यक्ष संजय डोसी सचिव अजय काबरा कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव धमीजा, प्रोजेक्ट कन्वीनर आर.के. शर्मा कोऑर्डिनेटर विकास नागर के संयोजन में संगीतमय संध्या को यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मीडिया प्रभारी अनिल लढ़ा ने बताया की म्यूज़िक लवर्स किशनगढ़ पूर्व में भी किशोर कुमार नाइट, आर.डी. बर्मन नाइट, मुकेश नाइट, कुमार सानू नाइट, बप्पी लाहिड़ी नाइट, कल्याणजी-आनंदजी नाइट तथा लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल नाइट जैसे अनेक सफल और चर्चित कार्यक्रम आयोजित कर चुका है, जिन्हें संगीत प्रेमियों ने भरपूर सराहा है। इस आयोजन में लगभग 5 हजार संगीत प्रेमियों की उपस्थिति अपेक्षित है, जो इसे किशनगढ़ के सबसे भव्य सांस्कृतिक आयोजनों में से एक बनाएगी। इस भव्य संगीतमय आयोजन में प्रवेश केवल आमंत्रण-पास के माध्यम से ही होगा।

### माण्डल पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई हत्या की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/मांडल भीलवाड़ा।** माण्डल थाना पुलिस ने ग्राम संतोकपुरा में हुई हत्या के मामले का महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी अंकित पीटर उर्फ किटु (38) निवासी रतलाम (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया है।
पुलिस अधीक्षक सागर राणा (आईपीएस) के निर्देश पर गंभीर अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा बुधराज तथा वृत्ताधिकारी माण्डल राहुल जोशी के सुपरविजन में थानाधिकारी रोहिताश्व यादव के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।
पुलिस के अनुसार झाबुआ (मध्यप्रदेश) निवासी दीपक कुमार माहेश्वरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 जून को उन्हें सूचना मिली कि उनके साले हितेश उर्फ गोलू की तबीयत खराब है। भीलवाड़ा पहुंचने पर पता चला कि हितेश का उसके साथ रहने वाले अंकित पीटर से मजदूरी के पैसों को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान अंकित ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल हितेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
रिपोर्ट के आधार पर माण्डल थाने में प्रकरण संख्या 172/26 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मोबाइल फॉरेंसिक एवं विशेष अनुसंधान टीम की सहायता से मौके से साक्ष्य जुटाए और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी अंकित पीटर उर्फ किटु को हिरासत में लिया।
पूछताछ में अपराध प्रमाणित होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।
कार्रवाई में शामिल टीम में थानाधिकारी रोहिताश्व यादव, उपनिरीक्षक शरीफ मोहम्मद, कैलाश चंद्र सहित माण्डल एवं भीमगंज थाना पुलिस के जवान शामिल रहे।

## 140 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 70 बीघा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

**42 बीघा निजी कृषि भूमि पर विकसित की जा रही 3 अवैध कॉलोनियां ध्वस्त**

चमकता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार, अतिक्रमण एवं अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस तथा सुशासन के विजन के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कॉलोनियों एवं अतिक्रमणों के विरुद्ध व्यापक अभियान निरंतर जारी है। इसी क्रम में जयपुर विकास आयुक्त श्री सिद्धार्थ महाजन के निर्देशों पर प्रवर्तन शाखा द्वारा आज विभिन्न जोनों में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 140 करोड़ रुपये मूल्य की 70 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा करीब 42 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर विकसित की जा रही तीन नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारम्भिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त कर दिया गया।
उप महानिरीक्षक पुलिस एवं मुख्य प्रवर्तन अधिकारी श्री आनन्द शर्मा ने बताया कि जोन-10 क्षेत्र में ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ रोपाड़ा, सुमेल एवं बगराना में स्थित लगभग 70 बीघा बेशकीमती चरागाह सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इन स्थलों पर प्लॉटों की बाउंड्रीवाल, टीनशेडनुमा निर्माण, निर्माणाधीन ढांचे एवं अन्य अवैध निर्माणों को 08 जेसीबी मशीनों एवं 50 मजदूरों की सहायता से हटाया गया। मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 140 करोड़ रुपये है।
इसके अतिरिक्त जोन-12 के ग्राम सरना डूंगर में लगभग 10 बीघा, जोन-17 के ग्राम खोरा बिसल में लगभग 4 बीघा तथा जोन-19 के ग्राम बोराज, जोबनेर रोड पर लगभग 28 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एवं बिना भू-रूपान्तरण के विकसित की जा रही नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया। इन स्थलों पर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें तथा अन्य अवैध निर्माणों को हटाकर अवैध कॉलोनियां बसाने के प्रयासों को विफल किया गया। ध्वस्तीकरण पर हुए व्यय की वसूली संबंधित व्यक्तियों से नियमानुसार की जाएगी।
उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्रीमती शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन प्रथम, द्वितीय एवं चतुर्थ, संबंधित जोनों के प्रवर्तन अधिकारियों, राजस्व एवं तकनीकी स्टॉफ तथा प्रवर्तन दस्ते द्वारा संयुक्त रूप से सम्पादित की गईं।
जविप्रा ने आमजन से अपील की है कि वे अवैध निर्माण, अतिक्रमण एवं कब्जों की सूचना कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नम्बर 0141-2565800, 0141-2575252, 0141-2575151, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल 181 अथवा ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराकर इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

## बड़ी लापरवाहीः गुडामालानी के बोरली का गाला में दो दिन से बिजली गुल, पोल टूटने के बाद भी बेखबर है विभाग

चमकता राजस्थान



**गुडामालानी।** स्थानीय उपखंड क्षेत्र के नगर फील्ड के पास स्थित बोरली का गाला में पिछले दो दिनों से बिजली पूरी तरह से गुल है, जिससे भीषण गर्मी में आमजन और पशुधन बेहाल हैं। मिले समाचारों के अनुसार, पिछले दिनों आई तेज आंधी के कारण क्षेत्र में बिजली के पोल (खंभे) टूट कर गिर गए थे। इस हादसे के बाद से ही पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है।

- **आमजन परेशान, शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं**

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली गुल होने और पोल टूटने की सूचना तुरंत विद्युत विभाग के अधिकारियों को दे दी गई थी। इसके बावजूद दो दिन बीत जाने के बाद भी विभाग की ओर से पोल को सही करने या बिजली बहाली के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।
**पेयजल संकटः** बिजली नहीं होने से क्षेत्र में पानी की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है।
**भीषण गर्मी की मारः** इस तपती गर्मी में दो दिनों से बिना बिजली के रहना ग्रामीणों के लिए दूभर हो चुका है। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द टूटे हुए पोल को दुरुस्त कर बिजली व्यवस्था सुचारू की जाए,
बिजली का पोल पिछले 10 दिनों से आंधी से टूटकर करके बिखरा हुआ पड़ा है बिजली विभाग बार बार सूचना देने पर अभी तक सही नही किया।
हड़मत सिंह (स्थानीय निवासी)
देवेन्द्र (अएठ) अएठ न बताया मेरे ध्यान में नही था आज पता चला है कल सुबह तक सही करवाते है।

## जयपुर विकास प्राधिकरण का सख्त प्रहारः

# 140 करोड़ की 70 बीघा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्तः तीन अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

चमकता राजस्थान





- **आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई को दिया गया अंज़ाम**
- **डीआईजी आनंद शर्मा के नेतृत्व और शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण एवं निगरानी में चला सफल अभियान**

जयपुर। (खलील कुरैशी)मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अवैध निर्माणों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावी रूप से लागू करते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने एक बड़ी प्रवर्तन कार्रवाई में लगभग 140 करोड़ रुपये मूल्य की 70 बीघा सरकारी चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया तथा 42 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया।जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के स्पष्ट निर्देशों एवं सतत मॉनिटरिंग के तहत प्रवर्तन शाखा ने विभिन्न जोनों में समन्वित अभियान चलाकर भूमाफियाओं और अवैध कॉलोनाइजरों के मंसूबों पर करारा प्रहार किया। कार्रवाई का उद्देश्य सरकारी भूमि की सुरक्षा, नियोजित शहरी विकास तथा आमजन के हितों की रक्षा सुनिश्चित करना रहा।उप महानिरीक्षक पुलिस एवं मुख्य प्रवर्तन अधिकारी आनंद शर्मा के नेतृत्व में जोन-10 के ग्राम गोविन्दपुरा उर्फ रोपाड़ा, सुमेल और बगराना स्थित लगभग 70 बीघा बेशकीमती चरागाह भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। इस दौरान प्लॉटों की बाउंड्रीवाल, टीनशेड, निर्माणाधीन ढांचे तथा अन्य अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 140 करोड़ रुपये आंका गया है।इसके अतिरिक्त जोन-12 के ग्राम सरना डूंगर में 10 बीघा, जोन-17 के ग्राम खोरा बिसल में 4 बीघा तथा जोन-19 के ग्राम बोराज (जोबनेर रोड) में 28 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना जेडीए स्वीकृति, बिना भू-रूपांतरण और बिना अनुमोदन विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को भी ध्वस्त कर दिया गया। अवैध रूप से बनाई गई सड़कों, प्लॉटिंग और अन्य विकास कार्यों को हटाकर कॉलोनियों के विस्तार पर प्रभावी रोक लगाई गई। गौरतलब है कि संपूर्ण कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में संचालित इस अभियान में प्रवर्तन अधिकारियों, राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ तथा प्रवर्तन दस्तों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को सफल बनाया। शिल्पा चौधरी ने अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कराया जेडीए ने स्पष्ट किया है कि ध्वस्तीकरण पर हुए व्यय की वसूली संबंधित व्यक्तियों से नियमानुसार की जाएगी।
जेडीए ने अवैध कॉलोनियों, सरकारी भूमि पर कब्जा एवं अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का दिया स्पष्ट संदेश
प्राधिकरण ने यह भी संकेत दिया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण तथा बिना स्वीकृति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।यह कार्रवाई न केवल करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को सुरक्षित करने में सफल रही, बल्कि यह भी संदेश देती है कि जयपुर में अवैध कब्जों, भूमाफियाओं और अनधिकृत कॉलोनियों के लिए अब कोई स्थान नहीं है। जेडीए की यह पहल सुशासन, जवाबदेही और नियोजित शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## म्यूटेशन के नाम पर रिश्वतखोरी पर एसीबी का प्रहारः पटवारी 4 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर/जालोर!(खलील कुरैशी) 10 जून 2026।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जालोर जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एलआर शाखा तहसील सायला एवं अतिरिक्त चार्ज पटवार हल्का सांगाणा के पटवारी बंटी मीना को 4,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।एसीबी मुख्यालय जयपुर की हेल्पलाइन 1064 पर प्राप्त शिकायत के अनुसार आरोपी पटवारी ने परिवादी की कृषि भूमि का म्यूटेशन दर्ज करने की एवज में 10,000 रुपये रिश्वत की मांग कर उसे लगातार परेशान किया था। शिकायत के सत्यापन के दौरान यह तथ्य सही पाए जाने पर एसीबी ने योजनाबद्ध कार्रवाई की।जोधपुर रेंज के उपमहानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरवीजन तथा एसीबी जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ के नेतृत्व में गठित टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी को 4,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी मांग सत्यापन के दौरान पूर्व में 2,000 रुपये रिश्वत के रूप में प्राप्त कर चुका था।एसीबी ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत राशि बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा उसके ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई भी की जा रही है।एसीबी ने स्पष्ट किया है कि मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विस्तृत अनुसंधान किया जाएगा। यह कार्रवाई सरकारी कार्यों में रिश्वतखोरी के विरुद्ध एसीबी की शून्य सहिष्णुता नीति तथा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन का सशक्त उदाहरण है, जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त लोकसेवकों में स्पष्ट संदेश गया है कि अवैध वसूली करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में कपासन के मजहर हुसैन को बड़ी जिम्मेदारी

- **राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में प्रदेश जॉइंट सेक्रेटरी पद पर मिली नियुक्ति**
- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ,युवाओं में उत्साह, मिठाई बांटकर एम.डी.चौपदार सहित कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार**
- **कांग्रेस पार्टी ने जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करुंगाः- मजहर हुसैन**

**चमकता राजस्थान/जयपुर/कपासन!(खलील कुरैशी)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चौपदार ने संगठन विस्तार के तहत प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण नियुक्तियां करते हुए कपासन के युवा कांग्रेस नेता मजहर हुसैन को प्रदेश जॉइंट सेक्रेटरी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को संगठन में युवाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

» कांग्रेस पार्टी ने जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करुंगा:– मजहर हुसैन



प्रदेश जॉइंट सेक्रेटरी नियुक्त किए जाने पर मजहर हुसैन ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चौपदार, जिला कांग्रेस कमेटी चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह सिसोदिया तथा जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लोहार का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया मजहर हुसैन ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और जनहितकारी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, अल्पसंख्यक समाज की समस्याओं को संगठन और सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने तथा युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और पार्टी की गतिविधियों को गति देने का भी संकल्प व्यक्त किया।उनकी नियुक्ति की सूचना मिलते ही कपासन सहित आसपास के क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि मजहर हुसैन के संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा तथा अल्पसंख्यक विभाग को नई मजबूती और दिशा प्राप्त होगी।

» कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नियुक्ति को बताया गौरवपूर्ण

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे कपासन और चित्तौड़गढ़ जिले के युवाओं को संगठन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही अल्पसंख्यक समाज के मुद्दों को पार्टी मंच पर और अधिक प्रभावी ढंग से उठाने में सहायता मिलेगी। नियुक्ति के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के निर्णय का स्वागत करते हुए संगठन की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी के मामले में 29 दिन में गिरफ्तारी से सजा तक पूरी हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम जिले के पालम विलेज थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में त्वरित जांच और प्रभावी



अभियोजन का उदाहरण पेश करते हुए महज 29 दिनों में आरोपितों को अदालत से दोषी करार दिलवा दिया। चोरी के 18 दिन बाद गिरफ्तारी, चार दिन में चार्जशीट और छह दिन में ट्रायल पूरा होने से पुलिस की कार्यप्रणाली चर्चा में है। मामले में चोरी की मोटर, स्कूटर और वारदात में प्रयुक्त औजार बरामद किए गए। खास बात यह है कि पिछले माह भी इसी थाने ने रिकॉर्ड समय में चार्जशीट दाखिल कर 10 दिनों में सजा दिलवाई थी।

### दिल्ली में एआईएस के इशारे पर इंस्पेक्टर ने मांगी थी तीन करोड़ की रिश्वत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते सोमवार शाम लाल किला के पास से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह के मामले में बेहद चौंकाने वाली जानकारी मिली है। गुजरात, वडोदरा के एक मामले में दो आरोपितों को मुकदमे से राहत दिलाने के एवज में आईजीआई एयरपोर्ट पर सिविल एविएशन में तैनात एक सीनियर आईएएस के निर्देश पर क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर ने आरोपितों से तीन करोड़ की मांग की थी। दोनों आरोपितों की आईएएस अधिकारी के कार्यालय में बीते मई में मीटिंग भी कराई गई थी। बाद में डील डेढ़ करोड़ में तय की गई। जिसमें एडवांस के तौर पर 50 लाख कुछ दिन पहले इंस्पेक्टर को दे दिया गया था। सोमवार को 25 लाख लेते गिरफ्तार कर लिया गया। दवाओं से जुड़ा यह हाई प्रोफाइल केस पहले क्राइम ब्रांच के पास था जिसे बाद में सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया था। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। आरोपितों के फोन इंटरसेप्ट में आईएएस और इंस्पेक्टर की भूमिका सामने आने पर अभी केवल इंस्पेक्टर को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। आगे आईएएस अधिकारी को भी सीबीआई गिरफ्तार करेगी।

### जापानी प्रतिनिधिमंडल ने देखा निगम बोध घाट का मॉडल, निःशुल्क सेवाओं की सराहना की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापान में अंतिम संस्कार से जुड़े लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने यमुना किनारे स्थित निगम बोध घाट का निरीक्षण किया तथा जनसुविधाओं व अंतिम संस्कार क्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। घाट की संचालन संस्था बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल के महामंत्री सुमन गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल का पारंपरिक स्वागत करते हुए घाट पर बन रहे आधुनिक चिता प्लेटफार्म, स्वच्छ शौचालय, छायादार विश्राम स्थल और गर्मी में शीतल पेयजल सहित लोगों को की दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। परिवारों को निश्शुल्क अंतिम संस्कार सामग्री उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। जिससे कठिन समय में परिवारों को राहत मिलती है। इस मौके पर सुमन गुप्ता ने भविष्य में यहां आने वाले लोगों को हर सुविधा और सहयोग देने की प्रतिबद्धता भी जताई।

### डीयू के भगत सिंह कॉलेज में बनेगा त्याधुनिक खेल परिसर, छात्रों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डीयू के शहीद भगत सिंह कॉलेज में छात्रों को जल्द ही क्रिकेट के मैदान सहित बेहतरीन खेल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कॉलेज के 60 वर्ष पूरे होने के खास अवसर पर कॉलेज में आधुनिक खेल परिसर के लिए भूमि पूजन किया गया है। इस खेल के मैदान में छात्रों को आधुनिक खेल और मनोरंजन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।


# दिल्ली-एनसीआर में आधी रात को भयंकर आंधी-बारिश से बदला मौसम का मिजाज

## आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी और उमस से बेहाल दिल्ली-एनसीआर के लोगों को बुधवार देर रात मौसम ने बड़ी राहत दी। राजधानी और आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। बारिश के साथ ही तेज हवाओं के साथ आसमान में बिजली भी तमकती दिखी।

मंगलवार को यलो अलर्ट के बीच राजधानी में मौसम का मिश्रित मिजाज देखने को मिला। दिन भर दिल्ली वासी तेज धूप और उमस भरी गर्मी से बेहाल रहे तो शाम के समय रिकार्ड रफ्तार से धूल भरी आंधी चली। देर रात विभिन्न इलाकों में हल्की वर्षा देखने को मिली। हालांकि इससे तापमान में कोई कमी नहीं आई। बुधवार के लिए भी ऐसा ही मौसम रहने का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

मंगलवार की शुरुआत गर्म सुबह के साथ हुई। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजघाट पर तो न्यूनतम तापमान 30.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिन चढ़ने के साथ धूप तीखी होती गई व उमस भी बढ़ती गई। इसी के चलते अधिकतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रिज क्षेत्र में यह 44.7 डिग्री तक पहुंच गया। शाम होते होते मौसम ने करवट ले ली। मौसम विज्ञानियों ने बताया कि उमस भरी भीषण गर्मी तो बनी ही हुई थी, मध्य पाकिस्तान के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी बन गया एवं अरब सागर से आ रही नमी भरी हवाओं ने भी इसमें योगदान दे दिया। नतीजा, शाम साढ़े छह से साढ़े सात बजे के मध्य धूल भरी आंधी का दौर चला। इसकी रफ्तार 13 से 120




किमी प्रति घंटे तक रही। मयूर विहार में सबसे कम 13 जबकि पालम में सबसे ज्यादा 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली। पालम में इतनी तेज आंधी 25 साल बाद चली। इससे पहले 4 जून 2025 को भी 120 किमी प्रति घंटे वाली रफ्तार से आंधी चली थी। यह आंधी कुछ ही मिनटों तक रही इसलिए इससे तापमान में कमी नहीं आई। रात साढ़े 10 बजे के आसपास दिल्ली के विभिन्न इलाकों में हल्की वर्षा का दौर भी शुरू हो गया, जो आधी रात के बाद तक चलता रहा। बुधवार के लिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलेंगी। दोपहर बाद या शाम के समय गर्जन वाले बादल बन सकते हैं। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 44 और 30 डिग्री रह सकता है। वहीं बृहस्पतिवार को तेज आंधी के साथ वर्षा का आरेंज जबकि शुक्रवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन दो दिनों में मौसम की इस करवट से तापमान में भी गिरावट आएगी।

## आईआईटी दिल्ली ने शुरू किए नए बैच के आवेदन

### एआई और मशीन लर्निंग में कैरियर का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और डेटा आधारित तकनीकों की बढ़ती मांग को देखते हुए आइआइटी दिल्ली ने एप्लाइड एआइ, मशीन लर्निंग और




डिसीजन साइंस कार्यक्रम के छठे बैच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान के सतत शिक्षा कार्यक्रम (सीईपी) के अंतर्गत संचालित यह पाठ्यक्रम पेशेवरों और छात्रों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने का प्रयास है। आठ माह की अवधि वाले इस आनलाइन पाठ्यक्रम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मशीन लर्निंग, जनरेटिव एआइ, एजेंटिक एआइ और डेटा आधारित निर्णय लेने की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आइआइटी दिल्ली के विशेषज्ञ शिक्षकों के साथ उद्योग जगत के पेशेवर भी लाइव सत्रों के माध्यम से मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें जटिल व्यावसायिक और प्रबंधन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए डेटा आधारित निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। इसमें वास्तविक मामलों पर आधारित परियोजनाएं और व्यावहारिक अभ्यास भी शामिल किए गए हैं।

स्नातक और डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को आइआइटी दिल्ली के सीईपी की ओर से प्रमाणित ई-प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जो उनके पेशेवर प्रोफाइल को मजबूत बनाने में सहायक होगा।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद मेट्रो विस्तार और अमरावती में प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात और आंध्र प्रदेश में शहरी संपर्क को सुदृढ़ बनाने, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने तथा जनसेवा वितरण में सुधार लाने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है।

**अहमदाबाद मेट्रो फेज-2ए विस्तार को मंजूरी**-मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद मेट्रो के फेज-2ए के अंतर्गत कोटेश्वर रोड से सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक मेट्रो विस्तार परियोजना को मंजूरी दी है। 2,169 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली यह परियोजना 6 किलोमीटर लंबी होगी और चार वर्षों में पूरी की जाएगी। इस कॉरिडोर में चार एलिवेटेड स्टेशन तथा एक भूमिगत स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। परियोजना पूर्ण होने के बाद अहमदाबाद मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 78 किलोमीटर हो जाएगी। यह विस्तार अहमदाबाद, गांधीनगर, गिफ्ट सिटी और हवाई अड्डे के बीच तेज एवं निर्बाध संपर्क प्रदान करेगा। इससे लगभग 2,500 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है तथा यह वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान एक महत्वपूर्ण परिवहन साधन के रूप में कार्य करेगा। परियोजना के माध्यम से मेट्रो, रेलवे, बुलेट ट्रेन, बस टर्मिनल और अन्य परिवहन प्रणालियों के साथ बहु-माध्यमीय एकीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। सरदार नगर, कोटेश्वर, भाट क्षेत्र और साबरमती रिवरफ्रंट जैसे आवासीय, औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी से खेल परिसर के आसपास नियोजित शहरी विकास को गति मिलेगी।

**अमरावती में केंद्रीय सरकारी कार्यालय परिसर को मंजूरी**-मंत्रिमंडल ने आंध्र प्रदेश की अधिसूचित राजधानी अमरावती में केंद्रीय सरकारी सामान्य पूल कार्यालय आवास (CGGPOA) परिसर के निर्माण को भी मंजूरी दी है। वर्तमान में आंध्र प्रदेश में कई केंद्रीय सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (PSUs) के कार्यालय विजयवाड़ा और गुंटूर के विभिन्न स्थानों से संचालित हो रहे हैं। 1,299 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाला यह नया कार्यालय परिसर 5.53 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा तथा इसका निर्मित क्षेत्रफल 23.25 लाख वर्ग फुट होगा। यह परियोजना विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित कर अंतर-विभागीय समन्वय, परिचालन दक्षता और सेवा वितरण में सुधार करेगी। इससे प्रतिवर्ष लगभग 7.5 लाख मानव-दिवस के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होने की संभावना है। परिसर को दिव्यांगजनों के लिए पूर्णतः सुलभ एवं बाधारहित (Barrier-Free) बनाया जाएगा।

**अमरावती में केंद्रीय सरकारी आवासीय परिसर को मंजूरी**-विकासशील राजधानी अमरावती में सरकारी कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय सुविधाओं की कमी को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल ने सामान्य पूल आवासीय आवास (GPRA) परियोजना को मंजूरी प्रदान की है। 1,235 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के अंतर्गत 17 एकड़ परिसर में 1,504 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। परियोजना का कुल निर्मित क्षेत्रफल 31.3 लाख वर्ग फुट होगा।

यह आवासीय परिसर आंध्र प्रदेश में जीपीआरए सुविधाओं की वर्तमान कमी को दूर करेगा तथा कर्मचारियों को विजयवाड़ा, गुंटूर और आसपास के क्षेत्रों से प्रतिदिन 30 से 50 किलोमीटर की यात्रा करने की आवश्यकता को कम करेगा। परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 7.5 लाख मानव-दिवस के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। दिव्यांगजन-अनुकूल और बाधारहित यह परिसर केंद्रीय सरकारी कार्यालय परिसर के निकट आवास उपलब्ध कराएगा, जिससे प्रशासनिक दक्षता, पहुंच और सुशासन को बढ़ावा मिलेगा।

इन परियोजनाओं को मंजूरी देकर सरकार ने शहरी अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने, प्रशासनिक क्षमता में

# पाकिस्तान के हवाई हमलों से अफगानिस्तान में 13 लोगों की मौत, 11 बच्चे भी शामिल

**काबुल,एजेंसी।** अफगानिस्तान ने दावा किया है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर उसके क्षेत्र में हवाई हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इन हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच पहले से चल रहा तनाव और बढ़ गया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तानी हवाई हमले अफगानिस्तान के खोस्त, कुनार और पक्तिका प्रांतों में किए गए। उनके अनुसार हमलों में 11 बच्चों, एक महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है।

तालिबान सरकार ने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे नागरिकों को निशाना बनाने वाली कार्रवाई बताया है। हालांकि पाकिस्तान की ओर से इन हमलों को लेकर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या पुष्टि नहीं की गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले कई महीनों से सीमा पर तनाव बना हुआ है। फरवरी के अंत से दोनों देशों के बीच लगातार संघर्ष और जवाबी कार्रवाइयां हो रही हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है।

टीटीपी को लेकर पाकिस्तान लगाता रहा है आरोप

दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल ऐसे



आतंकवादी संगठन कर रहे हैं, जो पाकिस्तान के भीतर हमले करते हैं। विशेष रूप से पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर चिंता जताता है। पाकिस्तान का कहना है कि टीटीपी के लड़ाके अफगानिस्तान में शरण लेकर पाकिस्तान में आतंकी हमले करते हैं। अफगान तालिबान से अलग संगठन टीटीपी टीटीपी, अफगान तालिबान से अलग संगठन है, लेकिन दोनों के बीच वैचारिक और रणनीतिक संबंध माने जाते हैं। अफगानिस्तान में 2021 में अमेरिकी नेतृत्व वाली सेनाओं की वापसी के बाद तालिबान ने सत्ता संभाली थी। तब से पाकिस्तान लगातार काबुल पर टीटीपी को पनाह देने का आरोप लगाता रहा है।

### पाकिस्तान के आरोपों को तालिबान सरकार ने किया है खारिज

हालांकि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है। उसका कहना है कि वह किसी भी देश के खिलाफ अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देती। ताजा हवाई हमलों के बाद क्षेत्र में हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि दोनों देशों के बीच बातचीत नहीं हुई तो सीमा पर संघर्ष और तेज हो सकता है।

### वेस्ट बैंक संकट: इस्राइली सेटलर्स पर छह देशों का एक्शन, घिरे कैबिनेट मंत्री, फ्रांस-ब्रिटेन ने दी बड़ी चोट

**पेरिस, एजेंसी।** वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों पर हमले लगातार बढ़ रहे हैं। इस हिंसा को लेकर दुनिया के छह बड़े देश बहुत गुस्से में हैं। इन देशों ने मिलकर हिंसक इस्राइली सेटलर्स पर नए और कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस कार्रवाई में इस्राइल के एक बड़े कैबिनेट मंत्री को भी निशाना बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस कदम से इस्राइल पर दबाव बनाना चाहता है, ताकि वहां तुरंत हिंसा रोकी जा सके। इस कार्रवाई में ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, नॉर्वे और न्यूजीलैंड शामिल हैं। इन छह देशों के विदेश मंत्रियों ने एक साझा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि चरमपंथी सेटलर्स लगातार फलस्तीनियों पर हमले कर रहे हैं। उनके मानवाधिकारों का खुलेआम हनन हो रहा है। इन हिंसक लोगों को इस्राइल सरकार का पूरा समर्थन मिल रहा है। ये लोग बिना किसी डर के काम कर रहे हैं। सरकार की मदद से वहां नई बस्तियां बनाई जा रही हैं, जो पूरी तरह गलत है। फ्रांस ने इस्राइल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच के अपने देश में आने पर रोक लगा दी है। फ्रांस के विदेश मंत्री ने कहा कि स्मोट्रिच बस्तियों के विस्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। वे फलस्तीनी गांवों को खाली करा रहे हैं। फ्रांस ने इसके साथ ही चार बड़े नेताओं और 21 हिंसक सेटलर्स पर भी पाबंदी लगाई है। दूसरी तरफ, ब्रिटेन ने भी बड़ा कदम उठाया है। ब्रिटेन ने बस्तियों को पैसा देने वाले छह संगठनों पर वित्तीय प्रतिबंध लगा दिए हैं। अब ये संगठन पैसों का लेन-देन नहीं कर पाएंगे। इस्राइल सरकार इस फैसले से बेहद नाराज है। इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों को अपमानजनक बताया है। उनका कहना है कि इस तरह के कदमों से दुनिया में यहूदी विरोधी भावना बढ़ेगी।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को भेजा बधाई पत्र

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका ने पीएम मोदी को एक बधाई पत्र भेजा है। यह पत्र आठ जून का है। उन्होंने लिखा कि यह रिकॉर्ड सिर्फ सरकार में बिताए साल नहीं है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भरोसे का प्रतीक है। जनता ने बार-बार पीएम मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सोच ने श्रीलंका सहित कई देशों को प्रेरित किया है। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का श्रीलंका सबसे बड़ा गवाह रहा है। साल 2022 के आर्थिक संकट में भारत ने श्रीलंका की बहुत बड़ी मदद की थी। इसके बाद चार से छह अप्रैल 2025 को पीएम मोदी ने श्रीलंका का दौरा किया था। यह उनका वहां का चौथा दौरा था। तब उन्हें श्रीलंका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'मित्र विभूषण' से नवाजा गया था।

पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने एक व्यक्तिगत वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने पीएम मोदी को नेतृत्व का रोल मॉडल बताया है। मारापे ने कहा कि 20 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालना एक चमत्कारी उपलब्धि है। उन्होंने दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत करने की इच्छा जताई। पीएम मोदी ने मई 2023 में पापुआ न्यू गिनी का ऐतिहासिक दौरा किया था। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की वहां की पहली यात्रा थी। उन्होंने वहां तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था। यह दौरा वैश्विक दक्षिण यानी ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को दिखाता है। त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने भी पीएम मोदी को इस मौके पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरराष्ट्रीय मामलों में एक बड़ी आवाज बनकर उभरा है। उन्होंने पीएम मोदी के एक साधारण परिवार से निकलकर 1.4 अरब लोगों के देश का नेतृत्व करने की यात्रा को सराहा। भारत ने विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास में बड़ी सफलता हासिल की है। पीएम मोदी ने तीन से चार जुलाई 2025 को त्रिनिदाद और टोबैगो की ऐतिहासिक यात्रा की थी। यह 26 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा थी। यह यात्रा वहां भारतीय प्रवासियों के आने की 180वीं वर्षगांठ के खास मौके पर हुई थी।

# अगर सुरक्षित रहना चाहते हो तो हमारे क्षेत्र से निकल जाओ, अमेरिकी हमले के बाद ईरान की खुली धमकी

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह सुरक्षित रहना चाहता है तो उसे फारस की खाड़ी क्षेत्र छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं किसी भी हमले या धमकी का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि युद्ध के मैदान में असफल रहने के बाद अमेरिका ने ईरान के संकल्प को परखने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि ईरान की शक्तिशाली सेना किसी भी हमले को बिना जवाब दिए नहीं छोड़ेगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि फारस की खाड़ी के इतिहास में बाहरी ताकतों के बुरे अंजाम के कई उदाहरण



मौजूद हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू की है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, अमेरिकी बलों ने ईरान के खिलाफ आत्मरक्षा में हमले शुरू किए हैं। सेंटकॉम का कहना है कि यह कार्रवाई उस घटना के जवाब में की गई, जिसमें ईरान ने अमेरिकी सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को मार गिराने का दावा किया था। सेंटकॉम ने बताया कि राष्ट्रपति के निर्देश पर मंगलवार शाम से ये हमले शुरू किए गए। अमेरिकी सेना का कहना है कि यह ईरान की अनुचित आक्रामकता के खिलाफ संतुलित और सीमित जवाबी कार्रवाई है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर गश्त कर रहे एक अमेरिकी अपाचे हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया। हालांकि उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर में मौजूद दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई है। इसके बावजूद ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका इस हमले का जवाब देगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि उन्हें सेना से जानकारी मिली है कि ईरान ने एक अत्याधुनिक अपाचे हेलीकॉप्टर को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि पायलट सुरक्षित हैं, लेकिन अमेरिका के लिए इस हमले का जवाब देना आवश्यक है। इस्राइल के बीच भी तनाव बढ़ा है। दोनों देशों के बीच लगातार हमले और जवाबी हमले हो रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार इस्राइल ने ईरान के एक पेट्रोकेमिकल संयंत्र को निशाना बनाया, जबकि ईरान की ओर से इस्राइली सैन्य ठिकानों पर हमले किए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका डग द्वारा की श्री सत्यनारायण पूजा



**चमकता राजस्थान/डग-10 जून(कुन्दन व्यास)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के स्वर्णिम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर पालिका डग द्वारा रामद्वारा के पास स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में भगवान श्री सत्यनारायण जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती की गई। इस अवसर पर देश की उन्नति,प्रदेश की खुशहाली और डग नगर की समृद्धि की कामना की गई। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी जी के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन और जनकल्याण के कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए ₹भारत माता की जय₹ के जयकारे लगाए।पूजा कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रतनलाल राठौर,प्रेम प्रेमी,लालचंद भावसार,बद्री लाल सोनी,सुरेश जैन,कालूराम लोधा,रमेश वैष्णव,गुमान सिंह,प्रकाश जैन,भगवान लाल बागड़ी,भगवान लाल वर्मा,डग मंडल महामंत्री सुनील व्यास,पुजारी संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा,दीपक खटीक उपस्थित रहे।नगर पालिका से रघुवीर,ईश्वर लाल सहित कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग पर भाईचारे की मिसाल पेश



**चमकता राजस्थान/राकिब खांन।** डीग जिले के कामां क्षेत्र में चौरासी कोश परिक्रमा मार्ग स्थित कलावटा पुल पर आज राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी एसोसिएशन यानी रकमा टीम द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की सेवा करते हुए ठंडा पानी और केले वितरित किए गए। भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया।

रकमा के जिलाध्यक्ष अख्तर अली बिरार के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा शिविर में बड़ी संख्या में परिक्रमा यात्रियों को पानी और फल वितरित किए गए। इस दौरान टीम के सदस्यों ने यात्रियों की सेवा कर मानवता, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। सेवा शिविर में मौजूद लोगों ने बताया कि चौरासी कोश परिक्रमा में दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, ऐसे में गर्मी के मौसम में यात्रियों को राहत देने के लिए यह प्रयास किया गया है। राहगीरों और श्रद्धालुओं ने भी रकमा टीम के इस कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर डॉक्टर राहुल खान, डॉक्टर अमित, मौसम खान एडवोकेट, नौशाद खान एडवोकेट, अजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य में सहयोग करते हुए ब्रिज 84 कोस परिक्रमा यात्रियों को सामग्री वितरित की।

### विनोद माजरा लगातार दूसरी बार बने जिलाध्यक्ष, राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) कार्यकारिणी



**चमकता राजस्थान/पत्रकार कश्मीर सिंह/तिजारा।** राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) की खैरथल-तिजारा जिला कार्यकारिणी के चुनाव बुधवार को सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, दीवान वाला चौक तिजारा में सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव में विनोद कुमार माजरा को लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष चुना गया, जबकि पूरी जिला कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई। चुनाव प्रक्रिया प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संपन्न कराई गई। चुनाव अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुखीराम एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बलराज ने निर्वाचन कार्य का संचालन किया। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर गोरा ने चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। जिला निर्वाचन अधिकारी सुखीराम ने परिणाम घोषित करते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवगठित कार्यकारिणी में विनोद कुमार माजरा को जिलाध्यक्ष, हरीराम मीणा को जिला महामंत्री, हरिप्रसाद को जिला कोषाध्यक्ष, करण सिंह को जिला सभाध्यक्ष, कैलाश लवानिया को जिला उपाध्यक्ष, विक्रम मीणा को संगठन मंत्री, मनीषा केला को महिला मंत्री तथा किरण गोठवाल को महिला उपाध्यक्ष चुना गया। प्रदेश महासमिति सदस्य के रूप में गिर्राज केला, कृष्ण कुमार भाटिया, टिंकू कुमार, सुभाष चंद्र, नरेश कुमार, राजेश सांवरिया, लाल सिंह पालीवाल, मनोज कुमार, सतीश कुमार, सुमित्रा आलड़िया, पारुल तोंदवाल, मनोज कुमारी एवं माहेश्वरी मीणा का चयन किया गया। इस अवसर पर चुनाव पर्यवेक्षक किशोर गोरा ने संगठन की विचारधारा और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए नई कार्यकारिणी से शिक्षक, छात्र एवं समाज हित में समन्वय के साथ कार्य करने का आया।

### मोदी जी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शेष सहाय धाम मंदिर मांडल मैं पूजा अर्चना की उदय लाल भडाणा विधायक मांडल

**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/ मांडल भीलवाड़ा।** मोदी जी के सेवा, समर्पण और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शेषशायी धाम बड़ा मंदिर, माण्डल में आयोजित पूजा-पाठ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।



# स्व. राजेश पायलट जी के आदर्श आज भी जनसेवा की राजनीति के लिए प्रेरणादायी: पायलट

## मीनाक्षी नटराजन का गैर कानूनी तरीके से नामांकन रद्द किया जाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ अन्याय

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट ने कहा कि स्व. श्री राजेश पायलट जी ने भारतीय वायुसेना में पायलट की अपनी प्रतिष्ठित नौकरी से इस्तीफा देकर श्रीमती इन्दिरा गांधी जी के विचारों से प्रभावित होकर जनसेवा का मार्ग चुना था। वे जीवन की आखिरी सांस तक कांग्रेस पार्टी के एक जांबाज सिपाही बनकर जनता के हक के लिए लड़ते रहे। राजनीति के मूल सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्चा राजनेता वही है जो लोभ, लालच और पदों की अंधी दौड़ से दूर रहकर केवल जनता का मन जीतने और उनके कल्याण के लिए कार्य करें, ताकि इतिहास उन्हें हमेशा आदर के साथ याद करें।





श्री सचिन पायलट आज करौली के ग्राम सकरघटा में आयोजित स्व. श्री राजेश पायलट जी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम व किसान सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व. श्री राजेश पायलट जी ने गृह मंत्रालय में रहते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कई साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लिए। उन्होंने कभी भी दबाव या प्रभाव में आकर अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। आज यह जो मूर्ति यहां लगी है, यह उसी बात का प्रतीक है।

श्री पायलट ने मध्यप्रदेश में राज्यसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन गैर कानूनी तरीके से रद्द किये जाने की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ अन्याय है। जब कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता इस अन्याय के खिलाफ निर्वाचन आयोग पहुंचे, तो उनके लिए आयोग के लोहे के दरवाजे और ताले बंद कर दिये गये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का काम किया है, जो कि बेहद चिंताजनक है।

किसानों की समस्याओं पर पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। सरकार में मनरेगा को सीधे बंद करने का साहस नहीं है, इसलिए इसे धीरे-धीरे कमजोर करने का काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम हो गये है। फसल के लिए खाद, बीज, बिजली और पानी के दाम आसमान छू रहे है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और फसल खराब होने की स्थिति में बीमा कम्पनियों से मुआवजा प्राप्त करना भी मुश्किल हो गया है।

उन्होंने नीट पेपरलीक मामले पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि पेपरलीक से 22 लाख बच्चों के जीवन और उनके परिवारों के अरमानों पर पानी फिर गया है। मां-बाप अपना पेट काटकर कैसे-जैसे बच्चों को पढ़ाते है, लेकिन परीक्षा माफियाओं के कारण उनकी पूरी मेहनत बर्बाद हो गई और अब सरकार इसकी जिम्मेदारी लेने से बच रही है।

## 66वां केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर जयपुर में शुरू

# फिट इंडिया मूवमेंट को जन-जन तक पहुंचाना है: प्रवीण गुप्ता

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित 66वें केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को जयपुर में शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए फिटनेस और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों के लिए केवल खेल कौशल विकसित करने का मंच नहीं है, बल्कि नवाचार, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता सीखने का भी अवसर प्रदान करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आ''ान किया कि वे फिट इंडिया मूवमेंट के संदेश को अपने गांवों और समुदायों तक पहुंचाएं तथा युवाओं को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें।



प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पिछले 65 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह शिविर 14 विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध करायेगा। उन्होंने कहा कि यहां अनुभवी और योग्य प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ी अपनी तकनीकी दक्षता और प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शारीरिक रूप से फिट खिलाड़ी ही उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन इस शिविर के लिए किया गया है, इसलिए उन्हें इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए। शिविर के दौरान खिलाड़ी एक-दूसरे के अनुभवों और तकनीकों से सीख सकते हैं, जो उनके खेल जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

अपने संबोधन में उन्होंने तीरंदाजी, बास्केटबॉल, शूटिंग, क्याकिंग और साइक्लिग जैसे खेलों में खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, समर्पण और निरंतर अभ्यास से सफलता अवश्य मिलती है।

प्रवीण गुप्ता ने यह भी कहा कि शिविर के दौरान वे खिलाड़ियों और अभिभावकों से संवाद कर व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव प्राप्त करेंगे, ताकि भविष्य में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने खिलाड़ियों को हाई परफॉर्मेंस सेंटर का अवलोकन करने और बायोमैकेनिक्स जैसी आधुनिक खेल विज्ञान तकनीकों की जानकारी लेने की सलाह दी। उनके अनुसार, इससे खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। उन्होने युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि 15-29 आयु वर्ग के युवा माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करे और फिट इंडिया मूवमेंट में अपना सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को केवल प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि उन्हें आधुनिक खेल तकनीकों और संस्थान की उपलब्ध सुविधाओं से भी परिचित कराना है, जिससे वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व ओलम्पियन और क्रीडा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल सैनी ने कहा कि अनुशासन के साथ नियमित अभ्यास किया जाये, तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होने शिविर के विधिवत उद्घाटन की घोषणा भी की। इस अवसर पर राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव श्री राजकेश मीणा ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इससे पहले उन्होने मुख्य अतिथि का स्वागत भी किया। शिविर निदेशक श्री रामनिवास ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया, खेल प्रबन्धक रणविजय सिंह चाम्पावत और अनिरूद्ध जगधारी भी उपस्थित थे।

# पेंशन राशि हस्तांतरण कार्यक्रम

**चमकता राजस्थान**

लखीसराय से सौरव कुमार। लखीसराय समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा आयोजित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को पेंशन राशि हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी लखीसराय श्री शैलेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के सभी जिलों के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से पेंशन राशि हस्तांतरित की गई।



इस पहल का उद्देश्य समाज के कमजोर, असहाय, वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग नागरिकों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। लखीसराय जिले में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत 52,305 लाभार्थियों को 6 करोड़ 23 लाख 43 हजार 100 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 23,339 लाभार्थियों को 2 करोड़ 56 लाख 92 हजार 800 रुपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 8,543 लाभार्थियों को 96 लाख 53 हजार 800 रुपये तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत 2,862 लाभार्थियों को 31 लाख 85 हजार 700 रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।

### मकानों में चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, एसी के कॉपर वायर और बिजली के तार बरामद

**चमकता राजस्थान/कालीचरण सैनी। सांभरलेक।** थाना सांभरलेक पुलिस ने सूने मकानों में चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए एयर कंडीशनर (एसी) के कॉपर वायर एवं विद्युत सप्लाई वायर बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा एवं पुलिस उपाधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सांभरलेक रामनिवास पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार जोशियों की गली निवासी शिवराज सिंह राठौड़ ने 7 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके सूने मकान में घुसकर एसी के आउटडोर यूनिट से गैस कॉपर वायर एवं विद्युत सप्लाई वायर काटकर चोरी कर लिए। मामले में थाना सांभरलेक पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

गठित पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली, जिसके बाद उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि सबनानी (25) पुत्र गिरधारी लाल सिंधी, निवासी जोशियों की गली, सांभरलेक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी दिन में सूने मकानों की रेकी करता था और मौका मिलते ही घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। चोरी का सामान बेचकर वह अपने नशे और मौज-मस्ती के शौक पूरे करता था।

पुलिस ने आरोपी से एसी के आउटडोर यूनिट के दो गैस कॉपर वायर तथा करीब 10 फीट विद्युत सप्लाई वायर बरामद किए हैं। मामले में पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

### रायसिंहनगर में नशे की बढ़ती गिरफ्त पर उठे सवाल, युवतियां भी चिट्टे की चपेट में आने की चर्चा

**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** शहर में कथित रूप से बढ़ते चिट्टा नशे को लेकर चिंता लगातार गहराती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे का जाल अब केवल युवाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवतियों के भी इसकी चपेट में आने की बातें सामने आ रही हैं। इससे समाज में चिंता और बढ़ गई है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। लोगों के अनुसार नशे की लत के कारण कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं तथा युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। शहर में चर्चा का विषय बनी एक युवती का कथित वीडियो भी लोगों के बीच चर्चा में है, जिसमें वह स्वयं नशे के सेवन और इसकी उपलब्धता को लेकर बातें करती दिखाई दे रही है। हालांकि इस वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन इसके सामने आने के बाद लोगों ने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग उठाई है।

सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि चिट्टा और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर तस्करों तथा सप्लायरों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका मानना है कि केवल छोटे स्तर की कार्रवाई से समस्या का समाधान संभव नहीं है, बल्कि पूरे नेटवर्क को तोड़ने की आवश्यकता है। शहरवासियों ने पुलिस एवं प्रशासन से मांग की है कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान कर निष्पक्ष जांच की जाए तथा युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाएं, ताकि रायसिंहनगर को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा।

# झालरापाटन की बदहाल विद्युत व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**चमकता राजस्थान**

झालरापाटन। नगर कांग्रेस कमेटी झालरापाटन के अध्यक्ष अंबेश मीणा के नेतृत्व में क्षेत्र में व्याप्त विद्युत समस्याओं को लेकर सहायक अभियंता, विद्युत विभाग झालरापाटन को अधीक्षण अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (JVVNL) झालावाड़ के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



ज्ञापन में झालरापाटन क्षेत्र में लगातार हो रही विद्युत ट्रिपिंग, अघोषित बिजली कटौती, कम वोल्टेज की समस्या, स्मार्ट मीटरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को अधिक बिल दिए जाने तथा बदहाल विद्युत व्यवस्था के कारण आमजन को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी के इस दौर में बार-बार बिजली कटौती एवं ट्रिपिंग से आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी, बुजुर्ग एवं मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कम वोल्टेज की समस्या के कारण घरेलू एवं व्यावसायिक उपकरण प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही स्पॉट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल मिलने की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि विद्युत विभाग तत्काल प्रभाव से अघोषित बिजली कटौती, ट्रिपिंग, कम वोल्टेज एवं गलत बिलिंग की समस्याओं का समाधान कर सुचारू एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आगामी पांच दिनों में व्यवस्था में संतोषजनक सुधार नहीं हुआ तो नगर कांग्रेस कमेटी झालरापाटन आमजन को साथ लेकर विद्युत विभाग के विरुद्ध आंदोलन एवं डिस्कॉम कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होगी।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अंबेश मीणा, जिला संगठन महामंत्री राजेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन, पूर्व नगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश लाला राठौर, विजय राठौर, तौसीफ गोरी, पार्षद नवीन मेघवाल, रिजवान अहमद, बालचंद रावल, प्रणव राठौर, नरेंद्र प्रिंस राठौर, नंदलाल राठौर, कैलाश यादव, इस्माइल मंसूरी, भाया जोशी, दिनेश गुर्जर, रतन मेघवाल, अजहरुद्दीन, मनीष खींची, हिमांशु सोगानी, रोहित प्रजापति, बलदेव लाला, पंकज शर्मा, कालू राठौर, भूरेलाल राठौर, जहीर भाई, जुनैद भाई, सुरेश राठौर, रवि मंगल, शाहिद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929